श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 177, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 26 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### पीएम ने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिद्दीन से तुलना की

## 'ईस्ट इंडिया और मुजाहिद्दीन में भी इंडिया'

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (25 जुलाई) को विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिद्दीन से तुलना की है। उन्होंने कहा कि दोनों ही नामों में इंडिया का इस्तेमाल हुआ है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने ईस्ट इंडिया कंपनी बनाई और उन्हीं की तरह विपक्ष ने इंडिया गठबंधन बनाया है। उन्होंने कहा कि अंग्रेज आए और उन्होंने अपना नाम ईस्ट इंडिया कंपनी रखा, उसी तरह विपक्ष अपने को इंडिया के नाम से पेश कर रहा है। बीजेपी संसदीय दल की मीटिंग में प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष का काम प्रदर्शन करना है, उन्हें करने दें और आप लोग अपने काम पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि उनका मकसद 2027 तक भारत को विकसित देश बनाना है और तीसरे टर्म में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। पीएम ने कहा कि विपक्ष दिशाहीन है उसने मन बना लिया है कि वह विपक्ष में ही रहना चाहते हैं। पीएम ने कहा कि 2027 तक देश को विकसित



देशों की श्रेणी में खड़ा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि देश की हर विधानसभा से एक अमृत कलश जिसमें मिटटी भरी होगी वह दिल्ली लाया जाएगा और दिल्ली में अमृतवन का निर्माण होगा.

रवि शंकर बोले, आजकल लोग इंडियन मुजाहिद्दीन भी नाम रखते हैं: बीजेपी सांसद रविशंकर ने भी इंडिया पर हमला बोला और कहा कि आजकल लोग इंडियन मुजाहिद्दीन भी नाम रखते हैं, इंडियन पीपल्स फ्रंट भी नाम रखते हैं तो चेहरे पर चेहरे लगाते हैं, सच्चाई कुछ और है। उन्होंने यह भी कहा, "हमें पीएम मोदी ने आशा जगाई है कि 2024 में भी हम ही आने वाले हैं। देश भी यही जानता है, विपक्ष भी समझता है कि लेकिन बार-बार विरोध करना, वो मान चुके हैं कि उन्हें सत्ता में नहीं आना और उन्होंने एक बहुत बड़ी टिप्पणी की कि इंडियन नेशनल कांग्रेस अंग्रेजों ने बनाया था।

### 'आप हमें जो चाहें बुलाएं, लेकिन हम इंडिया हैं'

**नई दिल्ली: पीएम** मोदी ने विपक्षी दलों के गठबंधन का 'इंडिया' नाम रखने पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी में भी इंडिया है और इंडियन मुजाहिद्दीन में भी इंडियन है। सिर्फ नाम रख लेने से क्या होता है। वहीं, अब राहुल गांधी ने पीएम मोदी के बयान पर पलटवार किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा है कि आप हमें जो चाहें बुलाएं, लेकिन हम इंडिया हैं'। राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा कि आप हमें जो चाहें बुलाएं, पीएम मोदी, लेकिन हम इंडिया हैं। हम मणिपुर को ठीक करने और हर महिला और बच्चे के आंसू पोंछने में मदद करेंगे। हम मणिपुर में भारत के विचार का पुनर्निर्माण करेंगे। हम वहां के सभी लोगों के लिए प्यार और शांति वापस लाएंगे।

## 'मणिपुर पर जिसको जितनी चर्चा करनी है कर ले: शाह

**नई दिल्ली: मणिपुर** मुद्दे पर विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बहु-राज्य सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक 2022 पर बोला। इस दौरान उन्होंने कहा कि मणिपुर मुद्दे पर सरकार चर्चा के लिए तैयार है।

सरकार चर्चा के लिए तैयार है: लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैंने दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं को लिखा है कि सरकार मणिपुर पर



चर्चा के लिए तैयार है और उनसे इस संवेदनशील मामले पर चर्चा के लिए अनुकूल माहौल बनाने का आग्रह किया है।

नई सहकारी नीति लाएगी सरकार: साथ ही लोकसभा में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम इस साल विजयादशमी या दिवाली से पहले एक नई सहकारी नीति लाएंगे।

### आंध्र, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र में भारी बारिश की संभावना

**नई दिल्ली। मौसम** विभाग ने अगले दो दिनों के लिए कोंकण, गोवा और मध्य महाराष्ट्र में भारी बारिश की संभावना जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। इस के साथ आंध्र प्रदेश में 26 जुलाई के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार को मौसम विभाग ने ट्वीट करके बताया कि आंध्र प्रदेश में 25 और 26 जुलाई को भारी बारिश की संभावना है। यहां इन दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। कर्नाटक में 25 जुलाई के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। तेलंगाना में 25 से 27 जुलाई के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

## तकनीकी खराबी के कारण कई घंटे ठप रहीं आईआरसीटीसी सेवाएं




**नई दिल्ली। भारतीय** रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट तकनीकी खराबी के कारण मंगलवार को कई घंटे तक बंद रही। इससे ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुक कराने वालों का खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आईआरसीटीसी ने सुबह 10:03 बजे एक ट्वीट में कहा कि तकनीकी कारणों से टिकटिंग सेवा उपलब्ध नहीं है। हमारी तकनीकी टीम समस्या का समाधान कर रही है। जैसे ही तकनीकी समस्या ठीक हो जाएगी हम सूचित करेंगे। इसके बाद एक अन्य ट्वीट में आईआरसीटीसी ने समस्या के दूर होने तक लोगों को टिकट बुक करने के वैकल्पिक साधनों के इस्तेमाल की सलाह दी। इस ट्वीट में कहा गया कि तकनीकी कारणों से टिकटिंग सेवा आईआरसीटीसी साइट और ऐप पर उपलब्ध नहीं है। क्रिस की तकनीकी टीम समस्या का समाधान कर रही है। वैकल्पिक रूप से टिकट अन्य बी2सी प्लेयर्स जैसे अमेजॅन और मेकमाईट्रिप आदि के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ये प्लेयर्स रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र द्वारा संचालित आईआरसीटीसी सेवाओं के माध्यम से भी अपनी बुकिंग कराते हैं, जो रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है।

अधिकारियों का कहना है कि हैकिंग का कोई प्रयास नहीं किया गया था और यह एक तकनीकी गड़बड़ी थी जिसे अब सुलझा लिया गया है। दोपहर 2:18 बजे आईआरसीटीसी ने ट्वीट कर घोषणा की कि उसकी वेबसाइट पर बुकिंग की समस्या का समाधान हो गया है। ऑनलाइन टिकट बुकिंग में आ रही समस्या को देखते हुए ।

## ज्ञानवापी विवाद मामले में फैसला सुरक्षित



**प्रयागराज। इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद और बाबा विश्वनाथ मंदिर विवाद मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया है। कोर्ट अब 28 अगस्त को अपना फैसला सुनाएगी। इसके पहले सुनवाई शुरू होते ही कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनी और अपना फैसला सुरक्षित कर लिया। वैसे यह मामला अप्रैल 2021 से चल रहा है। 27 माह 13 दिन में कोर्ट ने इस बावत तीन महत्वपूर्ण आदेश आदेश पारित किए और उन पर रोक लग गई। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 मई 2023 को ज्ञानवापी स्थित वजूखाना में मिली शिवलिंग जैसी आकृति की कार्बन डेटिंग और वैज्ञानिक सर्वेक्षण का आदेश दिया था। कार्बन डेटिंग और वैज्ञानिक सर्वेक्षण का काम शुरू किए जाने से पहले ही 19 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगा थी। इसी तरह आठ अप्रैल 2021 को वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का आदेश एएसआई को दिया था। सर्वे का काम शुरू होने से पहले ही सितंबर 2021 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उस पर रोक लगा दी थी।

## मणिपुर में बर्बरता की शिकार महिलाओं से मिलीं स्वाति

**नई दिल्ली: दिल्ली** महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मणिपुर हिंसा में बर्बरता की शिकार हुई महिलाओं और उनके परिजनों से मुलाकात की। इसकी जानकारी स्वाति ने ट्विटर पर साझा की है। स्वाति ने लिखा है, "मणिपुर की जिन दो बेटियों के साथ बर्बरता की गई, मैं उनके परिवारों से मिली। एक लड़की के पति ने फौजी रहते हुए देश की सीमाओं की रक्षा की।उन्होंने मुझे बोला कि अब तक उनसे मिलने तक कोई नहीं आया है, मैं उनके पास पहुँचने वाली पहली हूं। दूसरी लड़की की मां से भी मुलाकात हुई। जब मैं यहां बिना सुरक्षा पहुंच सकती हूं तो अब तक सीएम या बाकी प्रशासन क्यों नहीं आया।" स्वाति ने अगले ट्वीट में वीडियो साझा कर लिखा है, "मणिपुर की बर्बरता की पीड़ित बेटियों के परिवार से मिलीङ्ग इनके ये आंसू बहुत दिन तक सोने नहीं देंगे। अब तक इनसे कोई मिलने तक नहीं आया।" वीडियो में स्वाति मालीवाल पीड़िता को गले लगाकर ढांढस बंधाते हुए दिख रही हैं।

## मणिपुर में महिला की हत्या का वीडियो झूठा: पुलिस

### घटना म्यांमार की, मिजोरम में कुकी समर्थन रैली

**इंफाल: मणिपुर** पुलिस ने मंगलवार को कहा कि हम उन लोगों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्होंने महिला की हत्या का वीडियो वायरल किया है। पुलिस ने कहा- हमने 24 जुलाई को केस दर्ज किया है। इस वीडियो में बताया गया है कि हथियारबंद लोगों ने मणिपुर में महिला की हत्या की, जबकि यह घटना म्यांमार में हुई थी। वीडियो फैलाने का मकसद राज्य की शांति भंग करना और दंगे भड़काना था। इसके साथ ही, मणिपुर पुलिस ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के केस में सातवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। 19 जुलाई को इस घटना का वीडियो वायरल हुआ था। इस



बीच, मिजोरम में कुकी समुदाय के समर्थन में रैली निकाली गई, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इसके समर्थन में ट्रांसपोर्ट सर्विस बंद की गई है और मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने सरकारी दफ्तरों को भी बंद रखने का आदेश दिया है।

मणिपुर सरकार ने असम राइफल्स से पूछा- 2 दिन में म्यांमार के 718 नागरिक कैसे घुस आए: मणिपुर सरकार ने सोमवार देर रात असम राइफल्स से भारत में म्यांमार नागरिकों की घुसपैठ की डिटेल रिपोर्ट मांगी है। सरकार ने असम राइफल्स से पूछा है कि सिर्फ दो दिनों (22-23 जुलाई) में म्यांमार के 718 नागरिक बिना पर्याप्त दस्तावेज के भारत में कैसे घुस आए। इनमें 209 पुरुष, 208 महिलाएं और 301 बच्चे हैं।

महाराष्ट्र से मणिपुर को प्याज भेजी गई: सेंट्रल रेलवे ने महाराष्ट्र के नासिक से 6 वैगन प्याज मणिपुर भेजी है। मणिपुर में जातीय हिंसा के चलते लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ गया है, इसकी वजह से राज्य में जरूरी चीजों की कमी हो गई है।

## नगालैंड के स्थानीय निकाय में 33 फीसदी महिला आरक्षण लागू न करने पर 'सुप्रीम' फटकार

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने नगालैंड के स्थानीय निकाय में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण लागू न होने पर राज्य सरकार को फटकार लगाई है। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि राज्य की विशेष स्थिति का हवाला देकर केंद्रीय प्रावधान को लागू करने से नहीं बचा जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 26 सितंबर को होगी।

कोर्ट ने अंतिम मौका देते हुए कहा कि केंद्र को भी देखना चाहिए कि



वहां पूरे देश जैसी व्यवस्था लागू हो सके। नगालैंड राज्य की महिलाओं ने जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति की है, वहां उनके लिए आरक्षण लागू होना चाहिए। नगालैंड की विशेष स्थिति को देखते हुए हम इतना ही कह सकते हैं।

## आजादी के बाद सिर्फ एससी और एसटी की जातिवार जनसंख्या की गणना हुई : नित्यानंद राय

**नई दिल्ली: केंद्र** सरकार ने साफ किया है कि आजादी के बाद जातिगत जनगणना सिर्फ अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की हुई है।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि कुछ राजनीतिक दलों और कुछ संगठनों ने आगामी जनगणना में जाति विवरण एकत्र करने का अनुरोध



किया है। उन्होंने कहा कि जनगणना में, वे जातियां एवं जनजातियां जो समय-समय पर यथा संशोधित, संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 एवं संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश 1950 के अनुसार अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के रूप में विशेष रूप से अधिसूचित हैं, की जनगणना की जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आजादी के बाद से जनगणना में एससी और एसटी के अलावा जातिवार जनसंख्या की गणना नहीं की है।

### ज्ञानवापी सर्वे से मथुरा के हिंदुओं को उम्मीद

**मथुरा: ज्ञानवापी** में हो रहे सर्वे पर सर्वोच्च न्यायालय ने दो दिनों के लिए रोक लगा दी है, जिससे सर्वे को लेकर मुस्लिम पक्ष इलाहाबाद की उच्च न्यायालय में अपनी बात रख सके। इस प्रकरण के बीच मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद भी चर्चा में आ गया है। हिंदू पक्ष को उम्मीद है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय मथुरा में विवादित स्थल का सर्वे कराने की अनुमति देगा, जिससे 350 वर्ष पुराने इस विवाद का अंत हो सके। मथुरा में श्रीकृष्ण के जन्म स्थान और शाही ईदगाह को मिलाकर कुल 13.7 एकड़ की भूमि है।

### भारतीय वायुसेना के लिए स्पेन से सितंबर में आएगा सी-295 विमान

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बल

**नई दिल्ली: लगभग डेढ़ महीने बाद, संभवत: 13 सितंबर** को एअरबस कंपनी निर्मित सी295 विमान भारतीय वायुसेना में सम्मिलित होने स्पेन के सैविल से भारत आएगा। जबकि अगले साल से भारत में ही एअरबस के साथ मिलकर देश की दिग्गज निजी कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड इस विमान के निर्माण की तैयारी शुरू कर देगा।

2026 में तैयार होगा पहला स्वदेशी सी295 विमान: संभवत: 2026 में देश में निर्मित पहला सी295 तैयार होगा। सच्चाई यह है कि उस विमान के साथ आत्मनिर्भर भारत की सोच सही मायने में उड़ान भरेगी, क्योंकि इसके साथ ही यह सपना भी आकार ले सकेगा कि




भारत विमान निर्माण में अपनी स्वदेशी क्षमता बना सकता है।

सितंबर में भारत आएगा पहला सी295 विमान: एअरबस के सैविल प्लांट का दौरा किया जहां रक्षा विमान बनते हैं। भारत के साथ हुए करार के मद्देनजर वायुसेना के लिए पहला सी295 भी बनकर तैयार खड़ा था, जिसे लेने खुद वायुसेना प्रमुख सितंबर में जाएंगे। दूसरे विमान को लेकर काम शुरू हो चुका है। एअरबस के अधिकारियों ने बताया कि दूसरा विमान अगले साल मई में और उसके बाद हर महीने एक एक विमान भारत आएगा।

भारतीय वायुसेना को 56 विमानों की जरूरत: वायुसेना को कुल 56 विमान चाहिए, जिसमें से 16 स्पेन से आएगा और बाकी के 40 विमान वडोदरा में बन रहे टाटा के प्लांट में बनेंगे। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से जिस आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी गई है, कम से कम रक्षा क्षेत्र में सी295 उसे पूरा विस्तार देगा।

### एअरबस और टाटा की मदद से नए युग की शुरूआत

**माना** तो यहां तक जा रहा है कि एअरबस और टाटा की भागीदारी से शुरू होने वाली यह कहानी नए युग की शुरूआत कर सकता है। आने वाले समय में जब भारत विश्व की दूसरी तीसरी सबसे बड़ी इकोनमी बनने के लिए प्रयासरत है और आयातक की श्रेणी से उठकर बड़े निर्यातक बनने की चाह में है तो विमान निर्माण की स्वदेशी छलांग भी संभव हो सकेगी। एअरबस में सी295 इंडिया प्रोजेक्ट का जिम्मा देख रहे जार्ड टैमरिट ने बताया कि अब तक भारत के आठ पायलट और 20 तकनीशियन को प्लांट में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## बैलेंस ऑफ पावर बनने पर सरकार में शामिल होगी बसपा : मायावती

**लखनऊ। बहुजन समाज** पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ एवं तेलंगाना सहित चार राज्यों में होने वाले चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों संग बैठक की। उन्होंने राजस्थान के बाद मध्य प्रदेश के हालात और ताजा राजनीतिक समीकरण पर भी चर्चा की है। मायावती ने बैठक में कहा कि बसपा कई राज्यों में बैलेंस ऑफ पावर बनकर जरूर उभरी है। लेकिन बसपा विरोध-विरोधी जातिवाद तत्व, सरकार बनाने की अपनी लोभ



में साम, दाम, दंड, भेद आदि अनेक हथकंडे अपनाकर बसपा के विधायकों को तोड़ लेते हैं। इससे जनता के साथ विश्वासघात होने से बसपा मूवमेंट को भी काफी आघात पहुंचता है। मायावती ने कहा कि बसपा ने सबसे आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में चार बार अपनी सरकार बनाकर बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के सपनों को जमीनी हकीकत में उतारने के लिए 'सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति' का काफी हद तक बेमिसाल काम किया है।

## खबर संक्षेप

### नैनी स्टेशन रोड पर चौड़ीकरण के लिए पार्षद ने रखी एक बैठक

**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर सोमवार को सरकारी नाप-जोख हुई थी। स्टेशन रोड पर 24 मीटर गहराई चिन्हित किया है। जबकि इसी सड़क पर हनुमान नगर से मेवालाल की बगिया चौराहा तक मार्ग के दोनों तरफ 12-12 मीटर गहराई तक चिन्हीकरण किया है। इसीलिए वार्ड नं. 20 चक रघुनाथ नैनी, व्यापार मण्डल, ने चौड़ीकरण के सन्दर्भ में प्रिय व्यापारीगण जैसा की अआप लोगो को पता है कि लेप्रोसी चौराहा, नैनी स्टेशन से मेवालाल बगिया चौराहा तक चौडीकरण के लिये दि. 24.07.2023 को सरकारी अधिकारीयों द्वारा नाप का कार्य हुवा है। जिसमें अधिकारी ना तो किसी व्यापार मण्डल से ना तो नगर निगम पार्षद से सम्पर्क किया अधिकारी सरकार के दिशा निर्देश पे माप करके चिन्हित करके चले गए है। इसलिए आप व्यापारियों से अनुरोध है कि दि. 26.07.23 को सुबह 9:00 बजे ग्रीन गार्डेन गेस्ट हाउस, मेवालाल बगिया में पहुंचकर निस्तारण के लिए दिशा निर्देश देने का कार्य करें। निवेदक - वार्ड 20 चकरघूनाथ नैनी पार्षद राकेश जायसवाल अध्यक्ष व्यापार मणडल, नैनी, प्रयागराज।

# जिलाधिकारी ने किया पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा

## डीएम ने कहा गलत क्यूआर कोड को जल्द से जल्द सही कराकर पथ विक्रेताओं की यूपीआई आईडी क्रियाशील करायें, प्रदेश स्तर पर जनपद प्रयागराज डिजिटल ट्रांजेक्शन में द्वितीय पायदान पर

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा योजनान्तर्गत प्रथम/द्वितीय/तृतीय ऋण वितरित किए जाने एवं लम्बित आवेदन पत्र को शीघ्रता से अग्रेतर कार्रवाई करते हुए ऋण वितरित किए जाने हेतु समस्त बैंको को निर्देशित किया गया। बैठक में पीओ डूडा के द्वारा बताया गया कि डिजिटल ट्रांजेक्शन में प्रदेश स्तर पर जनपद प्रयागराज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, इस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोग और तत्परता से कार्य करें, जिससे हम प्रथम स्थान प्राप्त कर सकें। उन्होंने बैठक में कुछ बैंको के लक्ष्य में वृद्धि करते हुए कहा कि आप सभी लोग अधिशाषी अधिकारियों से सामंजस्य बनाकर त्वरित गति से कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने ऐसे बैंकों को जिनके द्वारा योजना में सहयोग नहीं प्रदान किया जा रहा है उन पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने सभी बैंको को निर्देशित किया कि जिन पथ विक्रेताओं की यूपीआई आईडी, क्यूआर कोड गलत होने से अभी क्रियाशील नहीं हो पायी हैं, उन्हें जल्द से जल्द क्रियाशील कराने की प्रक्रिया को पूरा करायें। साथ ही साथ उन्होंने पीओ डूडा को जिन बैंको में पेंडेंसी ज्यादा है, उनका अनुश्रवण कर जल्द से जल्द निस्तारित कराने के लिए कहा है। उक्त के अतिरिक्त पथ विक्रेता के सोशियो इकोनामिक प्रोफाइलिंग करते हुए संचालित योजनाओं से संतृप्त किए जाने हेतु संबंधित विभागों को एवं वेंडरों को डिजिटल एक्टिव किए जाने हेतु बैंकों से क्यूआर कोड पथ विक्रेताओं को वितरित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक समस्त बैंकों के जिला समन्वयक, परियोजना

## न्यूज झरोखा

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया अल्ट्रा साउंड सेंटर का उदघाटन



**झूंसी।** जिलापंचायत अध्यक्ष वीके सिंह ने मंगलवार को रहीमपुर में प्रकाश अल्ट्रसाउंड सेंटर का उदघाटन किया। किया इस दौरान झूंसी के भीड़भाड़ वाले इलाकों में शौचालय बनवाने की मांग को गई। शौचालय न होने से महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगो ने जिला पंचायत अध्यक्ष से पिंक शौचालय बनाने की मांग की। जिलापंचायत अध्यक्ष वीके सिंह रहीमपुर स्थित जेपी मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रकाश अल्ट्रसाउंड सेंटर का उदघाट्न करने पहुचे थे। जहा उपस्थित स्थानीय लोगो के साथ व्यापारियों व डॉक्टरों ने उनसे जीटी रोड झूंसी पेट्रोल पंप के पास एक चौराहा भी बनवाने की मांग की। वीके सिंह ने न्याय नगर से लेकर पेट्रोल पंप के बीच मे शौचालय वनवाने का आश्वासन दिया। साथ ही डॉ. विपिन सिंह प्रबंधक जेपी मेमोरियल हॉस्पिटल को नवीन प्रतिष्ठान की ढेर सारी शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख अरुणेंद्र यादव उर्फ डब्बू, डॉ.पीएन शुक्ला, डॉ. दीपक सिंह, डॉ.अरुण कुमार गुप्ता, आशीष सिंह, विमलेश पटेल चेयरमैन केंद्रीय उपभोक्ता भंडार प्रयागराज उपस्थित रहे।

### खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर ने शिक्षक संकुलों के साथ की समीक्षा बैठक




**हंडिया।** ब्लॉक संसाधन केंद्र धनूपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रभा शंकर पांडेय ने सभी शिक्षक संकुल, नोडल शिक्षक संकुलों के साथ सभी विभागीय कार्यो की समीक्षा किया। कार्यो में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में हो रहे मरम्मत, निर्माण कार्यो की जानकारी लिया। इस कार्य के लिए खण्ड विकास अधिकारी धनूपुर भी प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को सभी पंचायत सहायकों के साथ दिन -प्रतिदिन हो रहे कार्यो की जानकारी लिया। बताते चले कि खण्ड विकास अधिकारी के बदौलत अल्प समय मे अत्यधिक कार्य निष्पादित किये जा रहे है। विकास खण्ड धनूपुर के अत्यधिक विद्यालय प्रमुखों के द्वारा नवीन बच्चो का नामांकन डीबीटी एप्प से कर दिया गया है जिसके कारण आज तक वह प्रेरणा पोर्टल पर दिखा नही रहा है, इसी वजह से कई विद्यालयों में नामांकन शून्य दिखा रहा है जबकि सभी विद्यालयों में नामांकन हुआ है। खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर ने बताया कि एप्स में शो नही होने के कारण नामांकन न्यून अथवा शून्य कई विद्यालयों में दिखा रहा है जबकि पूरे विकास खण्ड में एक भी ऐसा विद्यालय नही है जहाँ नामांकन शून्य है। साथ ही साथ अन्य कार्य यथा परिवार सर्वेक्षण, सब्जेक्ट मैपिंग, निपुण लक्ष्य आदि कार्यो पर समीक्षा हुई।

# नैनी प्रयागराज में सड़क हादसों में तीन की मौत

## मृतकों में शामिल प्रतियोगी छात्र की एक साल पहले हुई थी शादी, मंदिर जाने को निकले थे बुजुर्ग

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी प्रयागराज में मंगलवार को तीन सड़क हादसों में प्रतियोगी छात्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खीरी थाना अंतर्गत बकराही गडरिया गांव निवासी चंद्र विजय सिंह मिजार्पुर जनपद न्यायालय में स्टेशनों के पद पर कार्यरत हैं। वह नैनी कोतवाली के उत्तरी लोकपुर कॉलोनी में मकान बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। उनका इकलौता बेटा संदीप सिंह (35) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था। साल भर पहले उसकी शादी हुई थी। घरवालों का कहना है कि सोमवार की रात में वह मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था। उसके बाद वापस नहीं आया। मंगलवार को नैनी पुलिस के जरिए सूचना मिली कि उसका मामा भांजा के पास रीवा राजमार्ग पर अज्ञात चार पहिया वाहन से एक्सीडिंट हो गया। परिवार के लोग भागकर अस्पताल पहुंचे तो वहां जानकारी हुई कि उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। गंगानगर की नवाबगंज थाना अंतर्गत आनापुर गांव निवासी उमाशंकर केसरवानी (55) पुत्र कामता प्रसाद केसरवानी घर पर ही किराने की दुकान चलाते थे। उनके घर में उनके अलावा उनकी पत्नी मुन्नी केशरवानी और इकलौती बेटी रुचि केशरवानी थी। रुचि केशरवानी ने बताया कि सोमवार को घर से पैदल ही पिता पड़िला महादेव में भगवान शंकर का दर्शन करने के लिए जाने के लिए निकले थे। रात में करीब 8:00 बजे तक जगह घर नहीं पहुंचे तो फोन किया। फोन पर उमाशंकर ने बेटी को बताया कि वह सिविल लाइंस बस अड्डे पर हैं। एकाध घंटे में घर पहुंच जाएंगे। उसके बाद वह पूरी रात घर नहीं पहुंचे। सुबह शाहगंज थाने की पुलिस सूचना दी कि उनका प्रयागराज जंक्शन के गेट नंबर के सामने सड़क पार करते समय वाहन की टक्कर लगने से एक्सीडेंट हो गया है। उन्हें काल्विन हॉस्पिटल में भती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी दोपहर में मौत हो गई। ने वहीं नैनी कोतवाली क्षेत्र के धन्हा स्थित रुद्रा कांप्लेक्स के सामने रीवा राजमार्ग पर सड़क पार करते समय वाहन की चपेट में आने से मैजिक चालक छोटे (26) पुत्र बजरंगी निवासी धनुहा की मौत हो गई। वहां टाटा मैजिक चलाता था। पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। दो बहने भी हैं। उसकी भी शादी नहीं हुई थी। मां आशा देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### शंकरगढ़ में लगेगा मेडिकल असेसमेंट कैंप

**शंकरगढ़।** ब्लाक संसाधन केंद्र शंकरगढ़ में दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन 27 जुलाई को किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए बीईओ ने बताया कि बीआरसी परिसर में आयोजित मेडिकल असेसमेंट कैंप में फिजिकल हैंडीकैप, दृष्टिबाधित, मानसिक मंदित बच्चों की जांच कर उनकी स्थिति व श्रेणी के अनुसार दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। कैंप में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग बच्चे भाग ले सकते हैं। कैंप में भाग लेने से पहले आनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। इसके लिए स्पेशल एजुकेटर से बीआरसी में संपर्क कर सकते हैं। मेडिकल कैंप में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ डाक्टर भाग लेंगे, जो बच्चों की जांचकर मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करेंगे।

# पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी 50 लाख की रंगदारी मांगने वाला फैज भूरे गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी के सैम हिंगिंसबॉटम कृषि विश्वविद्यालय ( एप्रीकल्चर इंस्टिट्यूट) के एक प्रोफेसर को साल 2016 में थप्पड़ मारने का भी आरोप है फैज भूरे पर। माफिया अतीक अहमद के बेटे आली अहमद के साथी फैज भूरे को फर्नीचर व्यवसायी की बहन के मकान पर फर्जी कागजात बनाकर कब्जा करने और 50 लाख रुपरये की रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने 24 जुलाई को गिरफ्तार किया है। उस पर नैनी के महेवा स्थित सैम हिंगिंसबॉटम कृषि विश्वविद्यालय ( एप्रीकल्चर इंस्टिट्यूट) के एक प्रोफेसर को साल 2016 में थप्पड़ मारने का भी आरोप है। उस समय अली भी साथ ही में मौजूद था। घटना का सीसीटीवी फुर्टेज अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रयागराज के करेली थाना क्षेत्र के जेके नगर के रहने वाले फर्नीचर कारोबारी दानिश शर्कील ने नौ जुलाई को अली अहमद, फैज भूरे समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक, दानिश शकील की आगरा में रहने वाली बहन गजाला बेंगम के शौहर मुनव्वर खान का निधन हो चुका है। वह अपने भाई के साथ ही वर्तमान में प्रयागराज में रहती है। आरोप है कि जीटीबी नगर में गजाला की जमीन पर अतीक के बेटे अली ने साजिशन कब्जा कर लिया। उसने गजाला पर जमीन बेचने का दबाव बनाया और न मानने पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। इसी मामले में फैज भूरे भी वांछित था। जिसे पुलिस ने 24 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया। अली अहमद पहले से ही नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। सैफ भूरे की गिरफ्तारी के बाद वर्ष 2016 का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में 25 जुलाई को वायरल हो रहा है। जिसमें सैफ भूरे शुआट्स के एक प्रोफेसर को थप्पड़ मारते हुए दिख रहा है। इंस्पेक्टर करेली रामाश्रय यादव ने बताया कि सैफ भूरे पर उनके यहां नौ जुलाई को केस दर्ज हुआ है। उसके पूर्व के रिकार्ड भी खंगाले जा रहे है। प्रोफेसर को थप्पड़ मारने का भी प्रकरण उनमें से एक है।



शुआट्स के प्रोफेसर को फैज भूरे ने मारा था थप्पड़, वीडियो 2016 की घटना, अब फुटेज आया सामने, अली अहमद का करीबी है भूरे

# 75-80% मरीज आई-फ्लू के आ रहे हैं संक्रमित

## अचानक आई फ्लू की चपेट में आ रहे लोग, ओपीडी में मरीजों की लग रही है लंबी कतार

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** अचानक आई फ्लू (कंजंक्टिवाइटिस) का संक्रमण बढ़ गया। यहं एक साथ 75% लोग आई फ्लू की चपेट में आ गए हैं। पहले तो लोग इसे सामान्य तरह से समझ रहे हैं लेकिन परेशानी बढ़ने पर नेत्र रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में पहुंचने पर पता चल रहा है कि वह आई प्लू से संक्रमित हैं। प्रयागराज के सभी बड़े अस्पतालों की आई ओपीर्डी में आने वाले 75-80% मरीज आई फ्लू के आ रहे हैं। मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय, तेज बहादुर सप्र हॉस्पिटल, मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल समेत अन्य निजी नेत्र अस्पतालों में मरीजों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। अस्पतालों में इसके लिए अलर्ट भी जारी किया गया है। आई प्लू से संक्रमित लोगों को बचाव और इलाज के बारे में बताया जा रहा है। आई फ्लू में अचानक आंख लाल हो जा रहा है, आंख में जलन और गड़ने की समस्या भी होती है। युवाओं, बुजुर्गों के साथ बच्चे भी इसकी चपेट में हैं। तेज बहादुर सप्रू अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रुपेश कुमार गुप्ता से इस संबंध में विशेष बातचीत की। डॉ. गुप्ता ने बताया कि उनकी ओपीडी में आने वाले 80% मरीज आई पफ्लू की चपेट में हैं। डॉ. रुपेश बताते हैं कि आज से करीब 12 वर्ष पहले इसी तरह का आई फ्लू था जिससे बड़ी संख्या में लोग संक्रमित हो गए थे। इस बार इसकी रफ्तार बहुत तेज है। हर घर में कोई न कोई इसकी चपेट में आ चुका है। अभी उम्मीद है कि इसे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होंगे। इससे बच्चे भी चपेट में आ रहे हैं। डॉ. रुपेश बताते हैं इसे लेकर घबराने की जरूरत है, यदि आंख संबंधित कोई परेशानी हो तो नेत्र रोग विशेषज्ञ को अवश्य दिखाएं। उन्होंने बताया कि वायरस की वजह से फैलने वाले इस संदक्रमण में कुछ लोगों की आंखों में बैक्टीरियल अटैक भी हो जा रहा है, मरीजों में पलकों में सूजन हो जा रहा है। इसलिए ऐसे संक्रमित व्यक्ति को एंटीबायोटिक्स भी दी जा रही है। डॉ. गुप्ता बताते हैं कि सबसे पहले यह ध्यान देना होगा कि यदि कोई भी आई फ्लू से संक्रमित हो जा रहा है तो वह सबसे पहले आखो पर काला चश्मा जरूर लगाए। ताकि इसका इंफेक्शन दूसरों को न होने पाए। बार- बार हाथ से आंखों को न छूएं, इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। यदि आंख को छू भी रहे हैं तो हाथ जरूर धुल लें। आई प्लू का खतरा स्कूलों में पहुंचने लगा है। यही कारण है। कि स्कूली छात्र-छात्राएं भी इससे संक्रमित हो रहे हैं। स्कूल प्रशासन की ओर से ऐसे बच्चों को चश्मा लगाकर स्कूल आने की सलाह दी जा रही है। ज्यादा संक्रमित बच्चों को स्कूल से छूट्टी भी दी जा रही है, ताकि इसका संक्रमण अन्य बच्चों को न होने पाए।

### आई प्लू का खतरा नैनी में भी है

**नैनी!** नैनी में भी इस समय कई ऐसे मोहल्ले हैं आई प्लू के चपेट में जैसे चीनी मिल सब्जी मंडी चक रघुनाथ में कई ऐसे मोहल्ले हैं जमुना नगर पंजाबी हाता के पास रहने वाले हिमांशु रंजन मुकुल शर्मा राकेश गुप्ता तमाम ऐसे लोग हैं जो आंख के बीमारी से प्रभावित हैं।



# बीएसए ने किया सुपर थर्टी का उद्घाटन

## कौड़िहार के मधेशा में चलेगा नवोदय विद्यालय परीक्षा तैयारी के लिए विशेष केंद्र

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** कंपोजिट स्कूल मधेशा में आसपास के प्राथमिक विद्यालयों के चयनित एवं मधेशा के बच्चों को मिलाकर कुल 30 बच्चों को जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। इस अवसर पर बोलते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी बच्चों से कहा कि किसी भी परीक्षा में पास हो जाना सामान्य बात है परंतु टॉप पर रहना और उसे बनाए रखना महत्वपूर्ण है। कुछ बच्चों से उन्होंने बातचीत की एवं परिचय भी प्राप्त किया। बातचीत के दौरान बच्चों ने परीक्षा तैयारी को लेकर उत्साह दिखाया है। इस केंद्र पर प्राथमिक विद्यालय रामपुर, हथिगहां, कंजिया एवं रसूलपुर चांधन के 5-5 बच्चे भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान एआरपी जय सिंह, प्रभा शंकर शर्मा, अजमल अमीन अंसारी प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राधे कृष्ण के साथ-साथ सुधीर कुमार निषाद, कमल कुमार, राम नयन सिंह, विक्रम श्रीवास्तव, ललिता वर्मा, सुमन देवी, अरुण कुमार, धर्मेंद्र सरोज, अर्चना,वंदना, विजय कुमार, नीतू वर्मा आदि अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी क्षमाशंकर पांडे ने सभी बच्चों को परीक्षा की तैयारी पूरे मनोयोग से करने की शपथ दिलाई। नवोदय परीक्षा तैयारी केंद्र के संचालन में एसडीएम सोंराव ने विशेष रूचि दिखाई है एवं अपनी देखरेख में इसके संचालन की बात कही है।

### यातायात जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रयागराज।** यातायात को लेकर छात्रों को किया गया जागरूक प्रयागराज में यातायात जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को राजापुर, कैंट स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रभारी जागरूकता यातायात निरीक्षक पवन कुमार पोडिय ने सभी छात्रों को यातायात जागरूकता की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सभी का यह कर्तव्य बनता है कि हम सभी यातायात नियमों की मूल बातें जाने और दूसरों को भी समझाने का प्रयास करें। जिससे समाज नियमों को सीख सके और समाज को जागरूक कर सके। पवन कुमार पांडेय ने बताया कि घायल को पहले अस्पताल पहुंचाए। ऐसा ही जीवन पर्यंत करने का संकल्प भी लिया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि रोड एक्सीडेंट रोकने के लिए तो सभी लोग सजगता बरतते हैं, लेकिन एक्सीडेंट हो जाने के बाद हताहत लोगों की मदद करने से लोग कतराते हैं। जिससे इलाज के अभाव में कई लोगों की जान चली जाती है। उन्होंने बच्चों से कहा कि जब कभी भी कोई भी सड़क दुर्घटना में घायल दिखे, उसकी तत्काल मदद करें और पुलिस को सूचित करें। ट्रैफिक इंस्पेक्टर पवन कूमार पांडेय ने बच्चों के बीच सवाल जवाब प्रतियोगिता कराई। सही जवाब देने वाले स्टूडेंट्स को 51- 51 रुपये पुरस्कार दिए गए।

# तहसील स्तर पर अस्पतालों में होगा नियत सेवा दिवस का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** के जनपद में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसकी प्रगति एवं कार्यों कि समीक्षा प्रतिदिन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की जा रही हैं इसी कड़ी में जनपद में पुरुष एवं महिला नसबंदी के ईस्टीमेटेड लेवल ऑफ एचीवमेंट (ईएलए) को हासिल करने के उद्देश्य से 27जुलाई को मेगा नसबंदी कार्यक्रम की पहल हुई है । मुख्य विकास अधिकारी ने पत्र लिख कर तहसील स्तरीय अस्पतालों पर इस दिन नियत सेवा दिवस ( एफडीएस) आयोजित करने को कहा है। नसबंदी के मामले में जनपद को अव्वल बनाने के लिए यह पहल हुई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पाण्डेय ने बताया कि प्रयागराज एक बड़ी जनसंख्या वाला जनपद है। यह जनपद पिछले 6 वर्षों से पुरुष नसबंदी करने में प्रथम स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराता रहा है। इस बार भी पुरुष नसबंदी के साथ साथ महिला नसबंदी में भी प्रथम स्थान हासिल करना है । काउंसलिंग के बाद कराते हैं नसबंदी नसबंदी सज्जन डॉ अनिल कुमार का कहना है कि किसी भी प्रकार की नसबंदी के पहले लाभार्थी की काउंसलिंग बहुत जरुरी है। खासतौर से पुरुष नसबंदी में लाभार्थी के सवालों के जवाब देकर उसे संतुष्ट किया जाता है जैसे कि महिलाओं कि अपेक्षा पुरुष नसबंदी बहुत सरल और सुविधाजनक है जिसे सिर्फ पांच मिनट में किया जाता हैं ,इसके करने से पुरुष में किसी भी तरह से पौरुष कम नही होता है` नसबंदी के बाद भी पुरुष अपने सुखमय वैवाहिक जीवन के साथ साथ भारी भरकम कार्य कर सकता है । परिवार कि खुशहाली में ऐसे कई पुरुष आगे आकर और अपनी नसबंदी करवा कर नियोजित परिवार रखने में योगदान दे रहे हैं। पुरुष नसबंदी के बाद दी जाती है 5 दिन की दवा डॉ कुमार बताते हैं कि नसबंदी कराने के बाद पुरुष नसबंदी के लाभार्थी को पांच दिन की दवा दी जाती हैं जिसमे मल्टीविटामिन गैस, और दर्द की सामान्य दवाएं शामिल हैं। साथ ही पुरुषों को बताया जाता है कि नसबंदी के बाद 10 दिन तक शारीरिक सम्बन्ध न बनायें और दस दिन के बाद जब भी उन्हें आसानी हो तो अगले 90 दिन तक दंपति में से एक किसी भी एक व्यक्ति को परिवार नियोजन के साधन का इस्तेमाल करते हुए ही संबंध बनाना है। उन्होंने कहा कि तीन दिन तक पुरुष नसबंदी के लाभार्थियों को झटके वाले काम करने से बचना होता है। विशेष अभियान के लिए चल रही है तैयारी कौंधियारा ब्लॉक की परिवार नियोजन काउंसलर वंदना मिश्रा बताती हैं कि 27 जुलाई को प्रस्तावित नियत सेवा दिवस के लिए तैयारी चल रही है। इसके लिए आशा और आशा संगनी के साथ बैठक कर योजना बना ली गयी है, जिसमे ज्यादा से ज्यादा लोगों को सुविधा दी जा सके। उन्होंने कहा कि ओपीडी के दौरान आने वाले लाभार्थियों के अलावा घर-घर जा कर भी आशा कार्यकर्ता इस दिवस की जानकारी दे रही हैं उन्होंने कहा कि चिन्हित लाभार्थी को तहसील तक के आवागमन के लिए गाड़ी की सुविधा भी दी जाएगी। इन तहसीलों के अस्पतालों पर होंगे आयोजन क्रम सं तहसील ब्लाक 1 सोरावं मऊआइमा, होलागढ़, कौंधियारा 2 फूलपुर बहरिया, प्रतापपुर, बहादुरपुर 3 हंडिया सैदाबाद, धनुपूर 4 जसरा चाका, शंकरगढ़ 5 करछना कौधियारा, मेजा,रामनगर 6 मांडा 7 कोरांव जिला महिला अस्पताल (शहरी क्षेत्रों का)।

### नसबंदी के लिए 27 को विशेष अभियान



# सर्वेक्षण में सूचना रहती है गोपनीयः डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में संवेदीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सांख्यिकीय आंकड़ों के सग्रहण हेतु संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत को एक विकसित राष्ट्र एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की माननीय मुख्यमंत्री जी की संकल्पना को पूर्ण किये जाने हेतु भारत सरकार के कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय एवं प्रदेश सरकार के अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा विभिन्न सामाजार्थिक सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है, जैसे वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक सर्वेक्षण, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण, आसुस सर्वेक्षण एवं अन्य विभिन्न सार्वजनिक निजी संस्थाओं को सर्वेक्षण के बारे में जानकारी कराने हेतु इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

जिलाधिकारी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये कहा कि सरकार द्वारा किसी भी योजना को बनाने व लागू करने के लिए यह जानना अति आवश्यक होता है कि आमनागरिक की उस योजना के सापेक्ष क्या स्थिति है। सरकार योजनाओं को बनाने में आम जन की आवश्कताओं व अपेक्षाओं को ध्यान मे रखती है, इसके लिये भारत सरकार व राज्य सरकार समय समय पर विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण कराती रहती है। इन सर्वेक्षणों के माध्यम से



संवेदीकरण कार्यशाला में बोलते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

ही कई अहम जानकारियाँ एकत्रित की जाती हैं जिससे भविष्य में सरकार द्वारा जनहित में नीतियाँ बनाई जाती हैं, इसलिए यह अति आवश्यक हो जाता है कि हम सरकार को सही आँकड़े उपलब्ध कराएं ताकि भविष्य मे ऐसी योजनाएं लागू हो सकें जिससे जनता को सीधा लाभ प्राप्त हो सके। सर्वेक्षण के दौरान यह प्रायः देखा जाता है कि सर्वेक्षण की जानकारी के अभाव के कारण लोग जानकारी देने से परहेज करते हैं या गलत जानकारी दे देते हैं। इसी कारण से आज आप सभी के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

जिससे आपको और आप द्वारा अन्य लोगों को सर्वेक्षण सम्बंधित जानकारी प्राप्त हो सके। संगोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि भारत की आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री के एक भव्य एवं विकसित भारत निर्माण के प्रण तथा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाये जाने के मुख्यमंत्री की संकल्पना को दृष्टिगत रखते हुये प्रदेश में विकास के अलग-अलग आयामों को बल प्रदान किये जाने हेतु समग्र रूप से अथक प्रयास किये जा रहे हैं। संगोष्ठी में उप निदेशक अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रयागराज मण्डल डा0 शुऐब अहमद ने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान सर्वेक्षणकताओं को होने वाली असुविधाओं पर चर्चा की तथा उपस्थित उद्यमियों, यूनियन/संघ के पदाधिकारियों एवं अधिकारीगण से सर्वेक्षण के दौरान सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश सिंह, पीडी डीआरडीए डा0 आर0सी0 शर्मा, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, डीसी मनरेगा इन्द्रमणि त्रिपाठी, एआरटीओ प्रशासन, सहायक निदेशक कारखाना सहित उद्यमियों/ यूनियन संघ के पदाधिकारी/ प्रतिनिधि में मो0 अनाम, मंजीत सिंह छावड़ा, रोशन लाल ऊमरवैश्य, राजेन्द्र केसरवानी, उमाशंकर अग्रहरि, प्रताप आहूजा आदि उपस्थित रहे।

## कीमती आभूषण व घड़ी चोरी, पीड़ित ने मजदूर पर लगाया आरोप

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली इलाके के बरहुपुर गांव में घर का निर्माण कार्य कर रहे मजदूर ने घर के अंदर घुस कर बक्से में रखे सोने का टॉप्स तथा 3500 रुपये नगदी व घड़ी चोरी कर लिया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो खोजबीन करने लगे।

बरहूपुर गांव के हरिकेश सिंह के घर के बगल मकान निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान मजदूरी कर रहे युवक ने कान का सोने का टप, घड़ी व नकदी 3500 रुपये चुरा लिया, संदेह होने पर मजदूर से कड़ाई से पूछताछ करने पर घड़ी तो दे दिया। और सोने का टॉप्स देने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने मामले में नामजद मजदूर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हरिकेश का कहना है कि बगल गांव के रहने वाले ठेकेदार से काम कराया जा रहा था इसी दौरान घर के अंदर रखे सोने का टॉप्स व 3500 रुपए नगदी व घड़ी चोरी हो गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिली तो घर में काम कर रहे मजदूर से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने घड़ी तो दे दिया। लेकिन टॉप्स व पैसा लेने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने मामले में नामजद आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल नंदलाल सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कराकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# भयहरण नाथ धाम मे अधिक मास के दूसरे मंगलवार मेला में उमड़ी भीड

## 35 हजार श्रद्धालु भक्तों ने किया दर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में अधिक मास के दूसरे परम्परागत मंगलवार मेला में भीड बढ़नी शुरू हो गई है। पुलिस व कार्यकर्ता द्वारा सुबह से ही सभी व्यवस्था मे सहयोग प्रदान किया गया। मुख्य मंदिर मे दर्शन हेतु पुलिस द्वारा उत्तम व्यवस्था की जा रही जिसकी सराहना जन समान्य द्वारा की जा रही है। आज लगभग 35 हजार श्रद्धालु भक्तों ने दर्शन पूजन किया।

भयहरणनाथ धाम परिसर में एमएलसी निर्मला पासवान का आगमन हुआ। उन्होंने प्रबंध समिति के कार्यकताओं के साथ भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और धाम स्थित प्रशासनिक परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होने कहा की धाम के विकास मे हम पूरा सहयोग करेंगे। यह जानकारी देते हुए धाम के महासचिव सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने बताया


एमएलसी निर्मला पासवान का स्वागत करते समिति के पदाधिकारी।

कि धाम में अस्थाई थाना का संचालन पुलिस विभाग द्वारा निरंतर किया जा रहा है। पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिस की व्यवस्था 24 घंटे की जा रही है। सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों का जलाभिषेक हेतु आगमन शुरू हुआ। प्रातः 4 बजे से मुख्य मंदिर मंदिर में स्थित देवाधिदेव भयहरण महादेव का भव्य पूजन कर पुजारी भोला नाथ तिवारी द्वारा मंदिर का कपाट जनता के दर्शन पूजन हेतु खोल दिया गया। धाम स्थित सभी मंदिरो मे भक्तों ने बारी बारी से दर्शन पूजन शुरू किया। दिन भर जलाभीषेक जारी रहा। मेला नियंत्रण कक्ष, सभी 3 बैरियर व मुख्य मंदिर, मेला क्षेत्र व प्रशासनिक परिसर में पुलिस व कार्यकर्ता की पर्याप्त भागीदारी से सभी गतिविधियों मे सतर्क दृष्टी रखते हुए जरूरी सेवाएं सुबह से शाम तक जारी रही। भीड़ के मद्देनजर सोरांव प्रयागराज से आने वाले वाहन मऊआईमा पुलिस के सहयोग से दुगार्गंज की बाग तथा कटरा गुलाब सिंह से आने वाले वाहन मौर्या की बाग मे पार्क कराये गए। थानाध्यक्ष अभिषेक सिरोही के मार्गदर्शन व अस्थाई थाना प्रभारी भयहरण नाथ धाम अरूण कुमार मौर्य के नेतृत्व में तथा चैकी प्रभारी राजीव तोमर के सहयोग से धाम मे पुलिस की उत्तम व्यवस्था रही। अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल, कोषाध्यक्ष लाल जी सिंह, मेला प्रबंधक बबन सिंह मेला उप प्रबंधक राज किशोर मिश्र, नगर पंचायत अध्यक्ष कटरा गुलाब सिंह मुन्ना यादव, प्रबंध समिति सदस्य जय प्रकाश सिंह व कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र, वरिष्ठ सदस्यगण धीरेन्द्र शुक्ल, अमरेश मिश्र, गंगा पांडेय, धोनू सिंह, रामू तिवारी, धर्मेन्द्र पटेल आदि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पट्टी में लटकते तार बने समस्या का कारण

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर में लटकते हुए तार एक बड़ी समस्या बन गए हैं। सोमवार को देर रात नगर में लटक रहे तारों को किसी बड़े वाहन ने घसीट दिया लिहाजा तार टूट कर सड़क पर गिर पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बड़ी जोर की आवाज के साथ तार जमीन पर गिर पड़े। फौरन बिजली विभाग को सूचना दी गयी ताकि कोई अनहोनी न हो रात भर अँधेरे में पट्टी क लोग डूबे रहे लेकिन सुध लेने वाला कोई नहीं रहा। नगर के चेयरमैन और बिजली विभाग के अधिकारियों को सजग नही हो सके बावजूद इसके महीनों बीत जाने के बाद भी कोई असर नहीं हुआ।

# बगैर मान्यता के चल रहे दर्जन भर विद्यालयों को एबीएसए ने थमाया नोटिस

## स्कूल संचालकों के बीच मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बगैर मान्यता के चल रहे लगभग दर्जन भर विद्यालयों को एबीएसए ने नोटिस देकर बंद करने का फरमान दे दिया है। शिक्षा विभाग की कार्रवाई से स्कूल संचालकों के बीच हड़कंप मच गया है।

स्थानीय क्षेत्र में बिना मान्यता के संचालित स्कूलों की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। खबर को संज्ञान में लेते हुए एबीएसए ने लगभग एक दर्जन विद्यालयों को नोटिस जारी कर बंद करने का फरमान दे दिया है। विभागीय कार्रवाई को लेकर स्कूल संचालकों के बीच हड़कंप मच गया है। एबीएसए प्रभाकर यादव ने भोला कॉवेंट, संपति देवी राम लखन कॉन्वेंट बलीपुर कटरा,शकुंतला शिरोमणि पब्लिक स्कूल हर्ष पुर कोटवा, मां चैरासा देवी प्राथमिक विद्यालय हुलासगढ़,सत्य सांई कॉन्वेंट, पंडित जेएन हिरऊ का पुरवा, एमएसडी पब्लिक स्कूल रानीगंज कैथौला, गंगादीन यादव पब्लिक स्कूल डगरारा, गुरुकृपा एजुकेशनल एंड चेरटेबुल ट्रस्ट पूरे वंशी व बाबा बटेश्वर नाथ भावराम बोझी को नोटिस प्राप्ति करा दिया है। एबीएसए ने नोटिस में यह भी लिखा है कि यदि विद्यालय का संचालन बंद नहीं किया गया तो एक लाख तक का जुमार्ना वसूल किया जा सकता है,यही नहीं जुमार्ने के बाद भी स्कूल का संचालन होता पाया गया तो प्रतिदिन के हिसाब से दस हजार का जुमार्ना वसूल किया जाएगा। शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई ने विद्यालय संचालकों की बेचैनी को बढ़ा दिया है। इस संबंध में एबीएसए प्रभाकर यादव ने बताया की अभी और विद्यालय है जिन्हे चिन्हित कर नोटिस दिया जायेगा, इसके बाद भी संचालन बंद नहीं किया जायेगा तो जुमार्ना वसूल किया जाएगा।

## भीषण गर्मी से बच्चे परेशान.....

लालगंज, प्रतापगढ़। भीषण गर्मी से बच्चे परेशान हो रहे है। गर्मी के प्रभाव से ही बच्चे कंजक्टिवाइटिस के शिकार भी हो रहे हैं। तेजी से बढ़ रहे नेत्र रोग के शिकार नौनिहाल हो रहे हैं। प्रशासन इस तरफ कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

# छठीं मुहर्रम पर निकला चांदी के बड़े अलम का जुलूस


अंजुमन रजाए हुसैन द्वारा निकाला गया जुलूस।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुहर्रम की छठी का जुलूस मोहर्रम कमेटी अंजुमन रजाए हुसैन के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने कमेटी अध्यक्ष आबिद रजा के आवास से निकाला गया। जुलूस अजीत नगर से रज्जब मस्जिद भैरोपुर, कपूर चैराहा, चैक घंटाघर, श्रीराम तिराहा, पंजाबी मार्केट, तहसील गेट, मकन्द्रूगंज चैकी से कर्बला शरीफ रंजीतपुर चिलबिला चैराहे से वापस अलीत नगर पहुंचा। इस दौरान हजरत इमाम हुसैन के बारे में लोगों को बताया गया। जुलूस के साथ चांदी का बड़ा अलम, डंका, चिलबिला अखाड़ा द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाया गया। इस मौके पर बाबा रषीद अहमद, निर्भय सिंह, ओम प्रकाष साहू, डा0 एजाज, मुख्तार राईन, मो0 आजाद सिद्दीकी, गुलाम कौसर खलीफा, मो0 सैफ गोडे, बिलाल रजा, मो0 सकलैन रजा, अब्दुल जब्बार, मो0 अकरम, मो0 अकबर आदि लोग मौजूद रहे।

## घायल युवक की उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर सोमवार की रात लगभग पौने आठ बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से हथिगवा थाना क्षेत्र के फूलमती मंदिर के पास कोतवाली कुंडा के मोटाका का पुरवा बसहीपुर निवासी द्वारिका प्रसाद पटेल पुत्र छोटेलाल पटेल (29) वर्षीय की अज्ञात वाहन की टककर से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी सूचना पर हथिगवा थाना प्रभारी अपने हम राही के साथ घटना स्थल पर पहुँचे और गंभीर रूप से घायल द्वारिका को उपचार के लिए सीएचसी कुंडा भेजा जहां चिकित्सकों ने एस आर एन प्रयागराज के लिये रिफर कर दिया, जिसको ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई।

# एडीजी व आईजी ने किया कोतवाली कुंडा व हथिगवां का औचक निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान मचा रहा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** एडीजी भानु भास्कर व आईजी चन्द्र प्रकाश प्रयागराज जोन सोमवार को अचानक औचक निरीक्षण करने कोतवाली कुंडा व हथिगवां पहुँचे। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों मे हड़कंप मचा रहा कावड़ियों और मोहर्रम को देखते हुए पुलिस कर्मियो को दिशा निर्देश दिये एडीजी व आईजी के दौरे को लेकर कुंडा से लेकर प्रतापगढ़ तक पुलिस मुस्तैदी से डटी रही।

एडीजी के निरीक्षण के दौरान एसपी प्रतापगढ सतपाल अंतिल व अपर पुलिस अधीक्षक रोहित


शेखपुर आशिक मे एडीजी व आईजी एसपी निरीक्षण करते।

मिश्र मौजूद रहे। एडीजी भानू भास्कर ने कुण्डा कोतवाली पुलिस को उत्कृष्ट कार्य के लिये पाँच हजार रुपये पुरस्कार दिये। एडीजी ने प्रतापगढ़ की पुलिस कीकानून व्यवस्था देखकर एसपी सतपाल अंतिल की सराहना किया और मोहर्रम त्योहार को देखते हुए कोतवाली मे प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल सीओ अजीत कुमार सिंह व एसडीएम अवनीश त्रिपाठी के साथ बैठक कर रणनीति पर चर्चा किया और वृक्षारोपण किया और कहा कि जो भी पौधा लगाया जाय उस पौधे को परिवार की तरह देखभाल करे हम लोग वृक्ष के सहारे खुले में हवा ले रहे है इसी के सहारे हम लोग है। इसके बाद एडीजी व आईजी एसपी सीओ व एसडीएम के साथ शेखपुर आशिक गांव पहुँचे जहां सड़क किनारे झंडे व विवादित स्थल की जानकारी किया और दिशा निर्देश देने के बाद हथिगवा के लिए रवाना हुए जहा थाना क्षेत्र की चौकी जी टी रोड कोखराज हड़िया बाई पास पर बने गंगापुल के पास बने नौबस्ता पुलिस चैकी का औचक निरीक्षण किया और कहा कि कावड़ यात्रा व मोहर्रम त्योहार को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन कराने मे पुरी पारदर्शिता के साथ काम करे जिसमे किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही है। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आगे के लिए रवाना हो गये।

# जिले के सभी सरकारी माध्यमिक स्कूलों में चला संचारी रोग अभियान

## संचारी रोगों से बचाव की बच्चों को दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी डॉ प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव के आदेशानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सरदार सिंह द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों से बचाव, नियंत्रण और उपचार पर विशेष साफ सफाई का आयोजन किया गया।

राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन में डॉ रुचि पाण्डेय, ललिता पटेल, पूजा पटेल, तृप्ति मिश्रा, दीपक कुमार सिंह, राजेश कुमार, अशोक कुमार के संयोजन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों से बचाव, नियंत्रण और उपचार पर विशेष साफ सफाई का आयोजन किया गया और संचारी रोगों से बचाव और नियंत्रण हेतु जागरूक किया गया। इसी प्रकार तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा प्रतापगढ़


माध्यमिक विद्यालय में साफ-सफाई करते छात्रगण।

में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में, शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में,राजकीय उमावि पुरैला प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य सीमा के निर्देशन में, राजकीय उमावि कंधई मधुपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र यादव के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज विहार प्रतापगढ़ मनीषा रावत के निर्देशन में, अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य आजाद अहमद के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य एमपी मिश्रा के निर्देशन में,इंटर कालेज हथिगवां कुंडा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अशोक कुमार द्विवेदी के निर्देशन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों से बचाव, नियंत्रण और उपचार पर विशेष साफ सफाई का आयोजन किया गया तथा समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न की गई। साथ ही समस्त माध्यमिक विद्यालयों में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और सड़क सुरक्षा के संबंध में समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

## ब्लाक परिसर के अंदर एक माह से गिरा पेड़ आवागमन में बाधित

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर परिसर के अंदर एडीओ पंचायत कार्यालय के सामने एक माह से बारिश के दौरान गिरा भारी मोटा गैर फलदार पेड़ को अभी तक नही हटाया गया जिसके चलते ब्लाक कर्मचारियों के साथ ग्राम पंचायत जन प्रतिनिधियों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इतना ही नही पेड़ के नीचे इंटर नेट व बिजली के केबिल दब जाने से पंचायत कार्यालय मे कर्मचारियों को परेशानी का सामना कराना पड़ रहा है। मजे की बात यह है कि ब्लाक परिसर मे गिरे पेड़ को हटाने के लिए डीडीओ को शिकायत पत्र ब्लाक की तरफ से भेजा गया है जिसको हटाने के लिए अभी तक कोई आदेश नही दिया गया जिससे ब्लाक मुख्यालय के पंचायत कार्यालय के सामने गिरा पेड़ लोगो को शो पीस के रूप में दिखाई दे रहा है जिसको हटाने के लिए अधिकारी अपनी आंखे बन्द किये हुए है।

# अधिवक्ताओं के समर्थन में उतरा उद्योग व्यापार मण्डल

## ग्राम न्यायालयों के स्थानांतरित होने से व्यापार पर भी पड़ रहा है असर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ग्राम न्यायालय के पट्टी तहसील में स्थानांतरित होने से अधिवक्ताओं के चल रहे आंदोलन और उनके द्वारा व्यापारियों से मांगे गये समर्थन के सम्बन्ध में आज व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता में एक बैठक कर गहन विचार-विमर्श किया और इस बारे में व्यापारियों की सर्वसम्मति से राय बनी ग्राम न्यायालयों के लालगंज, कुण्डा, पट्टी चले जाने से मुख्यालय के व्यापारियों के व्यापार पर भी बुरा असर पड़ रहा है जिस पर निर्णय लिया गया कि वह अधिवक्ताओं की हड़ताल व उनकी मांगों का समर्थन करेंगे।

इसी विषय पर व्यापारी हित व जनहित में व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी को जिला बार एसोसिएशन (पुरातन) अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र एवं महामंत्री संतोष नारायण मिश्र ने सहयोग पत्र देकर समर्थन मांगा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेन्द्र


व्यापार मण्डल की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी

कुमार केसरवानी एवं संचालन जिला महामंत्री संजय सोनी ने किया। बैठक में सर्वप्रथम अधिवक्ता संघ के महामंत्री संतोष नारायण मिश्र और अधिवक्ता अजय कुमार पाण्डेय ने पट्टी न्यायालय स्थानांतरण के संदर्भ में सभी को समस्त हानि-लाभ की विधिवत जानकारी दी। जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने यह भी कहा कि यदि कुंडा और लालगंज की तरह पट्टी न्यायालय भी शहर मुख्यालय से पट्टी तहसील चला गया तो अधिवक्ताओं के साथ सभी प्रकार के व्यवसायियों का व्यवसाय और भी चौपट हो जायेगा। इस मौके पर व्यापार मण्डल के जिला उपाध्यक्ष सुरेश चन्द्र केसरवानी व संजीव जायसवाल, ज्ञान प्रकाश केसरवानी, इन्द्रदेव तिवारी, राहुल केसरवानी, नारायण खंडेलवाल, सरदार महेंद्र सिंह, दिनेश केसरवानी, सरदार कुलविंदर सिंह, अशोक कुमार केसरवानी, अरविंद जैन, पवन केसरवानी, इफ्तेखार बाबी, अरविंद केसरवानी, सरदार वसिंदर सिंह, पंकज केसरवानी, हरीश सोनी, अख़्तर राइन, प्रदीप यादव, शकील अख्तर, पवन अग्रवाल, मनीष केसरवानी (गुंजन), जयन्त कुमार, अमित केसरवानी, कदीर अहमद, राहुलश्याम गुप्ता आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अनजान बीमारी की चपेट में भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के अनेकों गांव

**कौशाम्बी।** प्रयागराज के भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के दर्जनों गांव में अनजान बीमारी तेजी से पांव पसार रही है। इस बीमारी से सैकड़ों की तादात में लोग पीड़ित हैं, लेकिन स्वास्थ्य महकमा बिल्कुल अनजान है। यह बीमारी वृद्ध, किशोर एवं वयस्क सहित किसी भी उम्र के लोगों को अपना शिकार बना रही है। समय रहते यदि स्वास्थ्य महकमा इस बीमारी पर काबू कर लेता है तो ठीक है अन्यथा आने वाले समय में बीमारी का भयावह रूप होना तय माना जा रहा है। भगवतपुर ब्लॉक के दर्जनों गांव में फैली अनजान बीमारी आंख को बिल्कुल लाल कर देती और खुजलाहट के साथ असहनीय दर्द होता है जिससे क्षेत्र के लोग परेशान हैं, लेकिन कई दिन से लोगों को परेशानी के बाद भी अभी तक स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर सक्रिय नहीं हुए हैं। क्षेत्र में कैंप लगाकर मरीजों को राहत देने का प्रयास स्वास्थ्य महकमा ने नहीं किया है।

# तेज रफ्तार स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलटी दर्जनों छात्र हुए लहूलुहान

**खटारा वाहनों के चलते आए दिन स्कूली वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से स्कूली बच्चों के जीवन पर मंडरा रहा संकट, एमपी कॉन्वेंट स्कूल टिकरा की बस पलट जाने से मौके पर मचा कोहराम मौके पर नहीं पहुंचे प्रबंधक**



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के महेवा घाट थाना क्षेत्र में स्कूली बच्चों को लेकर जा रही अनियंत्रित तेज रफ्तार बस अचानक पलट गई है जिससे बस में सवार स्कूली बच्चे बस के अंदर इधर-उधर लुढ़क गए बस पलट जाने से दर्जनों स्कूली बच्चे लहूलुहान हो गए हैं मौके पर चीख-पुकार मच गई सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से स्कूल बस के अंदर से घायल बच्चों को बाहर निकाला हादसे की जानकारी मिलते ही तमाम स्कूली बच्चों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए और बचाव एव राहत के कार्य में लग गए। स्कूल बस पलट जाने के बाद अभिभावकों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है हादसे में घायल स्कूली बच्चों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया है। खटारा बसों को कैसे स्कूल में बच्चों को लाने ले जाने के लिए परमिट दे दिया जाता है यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है जबकि स्कूली बस के किराए के नाम पर विद्यालय प्रबंधन तंत्र अभिभावकों से मोटा किराया वसूल रहा है लेकिन उसके बाद खटारा बसों को ठीक कराने का प्रयास प्रबंध तंत्र नहीं कर रहा है जिससे हादसे होते हैं और स्कूली बच्चों के जीवन पर संकट मंडरा रहा है। घटनाक्रम के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के टिकरा स्थित माता प्रसाद इंटर कॉलेज की दूसरी शाखा टढ कान्वेंट स्कूल टिकरा की एक स्कूल बस मंगलवार की सुबह राजापुर से बच्चो को घरों से लेकर स्कूल टिकरा जा रही थी बैरागी पुर के पास तेज रफ्तार स्कूली बस अचानक अनियंत्रित हो गई चालक का नियंत्रण बस से छूट गया और देखते-देखते स्कूली बच्चो से भरी बस लहरा कर सड़क किनारे पलट गई बस के पलटते ही चीख पुकार मच गई हो हल्ला सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी स्कूली बच्चों को बहार निकाला और घायल बच्चो को जिला अस्पताल भेजा सूचना पाकर तमाम बच्चों के अभिभावक भी घटनास्थल स्कूल पहुंचे और जमकर स्कूल प्रबंधन तंत्र को खरी-खोटी सुनाई घटना की सूचना पर महेवाघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाकर मामला शांत कराया स्कूल में इतना बड़ा हादसा होने के बाद स्कूल का प्रबंधकतंत्र घायल मासूम बच्चों का हाल-चाल लेने मौके पर नहीं पहुंचे जिससे स्कूल प्रबंधक की निर्दयता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## न्यूज झरोखा

### पोषाहार लदा ट्रक पलटा, बाल बाल बचे खलासी ड्राइवर



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ससुर खदेरी नदी पुल अझुवा के पास मंगलवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रक ने बगल से गुजर रहे पोषाहार लदे ट्रक में साइड मार दिया जिससे पोषाहार लदा ट्रक सड़क पर ही पलट गया जिससे पोषाहार सड़क पर बिखर गया ट्रक पलट जाने से कुछ देर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित हो गया जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और सड़क का रास्ता बना कर-के आवागमन सुचारू कराया है। ट्रक पलटने से ड्राइवर विकास तिवारी निवासी प्रयागराज को आंशिक चोट आई है विकास तिवारी ने बताया कि वह कानपुर से पोषाहार लाद कर प्रयागराज जा रहा था अझुवा के ससुर खदेरी नदी के पुल के पास ओवर टेक के चक्कर में दूसरे ट्रक ने साइड मार दिया जिससे उसका वाहन सड़क पर पलट गया साइड मारने वाला ट्रक मौके से फरार हो गया है।

### विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा



**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के तहत किये जा रहें कार्यों की समीक्षा की गईं।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों में कार्ययोजना के अनुसार साफ-सफाई सुनिश्चित किया जाय तथा फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव कराया जाय। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि झाड़ियों की कटाई में भी प्रगति लाई जाय तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाय। उन्होंने सी0डी0पी0ओ0 से कहा कि ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया जाय कि घर-घर भ्रमण के दौरान आमजन को संचारी रोंगो से बचाव के प्रति जागरूक तथा सैम/मैम बच्चां को चिन्हित करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रां से कहा कि आशाओं को निर्देशित किया जाय कि घर-घर भ्रमण के दौरान आमजन को विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ ही रोगों-फाइलेरिया, कुष्ठ रोग व संचारी रोग आदि से बचाव के प्रति जागरूक करें।

### संस्कृत संभाषण शिविर का हुआ समापन



**कौशांबी** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर गृहे- गृहे संस्कृतम् योजना के अंतर्गत पूरे प्रदेश में एक साथ ऑनलाइन समापन हुआ जिसमें भाषा मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव सर्वेक्षिका शकुंतला शाक्य योजना समन्वयक अनिल कुमार गौतम प्रशिक्षक समन्वयक धीरज मैथानी राधा शर्मा सहयोगी पूजा बाजपेई दिव्यरंजन सहित सैकड़ों प्रशिक्षक शामिल रहे शामिल रहे। जनपद में श्री दुर्गा देवी संस्कृत उ.मा. विद्यालय मंझनपुर में भाषा शिक्षक डॉ. ज्ञानेश्वर प्रसाद त्रिपाठी ने छात्रों को संस्कृत में संभाषण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया और बताया कि शिविर में पंजीकृत 50 छात्रों ने संभाषण का ज्ञान प्राप्त किया साथ ही उन्होंने ने मुख्य सचिव संस्थान निदेशक सभी अधिकारियों योजना समन्विका व संस्थान से समस्त समन्वयकों आदि का आभार व्यक्त किया। कक्षा समापन समारोह एक कार्यक्रम के रूप में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शिक्षविद और पूर्व वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र प्रसाद गौतम ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और उद्बोधन में कहा की संस्कृत बोलने वाला कभी बेरोजगार नही रहता। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य कृष्ण चंद्र मिश्र रहे। संस्था के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ रवींद्र नाथ शुक्ल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।धन्यवाद ज्ञापन क्रेंद्र प्रभारी प्रदीप कुमार मिश्र ने दिया और भाषा शिक्षक के प्रति कृतज्ञता और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राम कृष्ण तिवारी वरिष्ठ शिक्षक राजेश प्रकाश त्रिपाठी मुकेश चंद्र त्रिपाठी शोभन उपाध्याय सौरभ जय प्रकाश सहित कई छात्र उपस्थित रहे।

### बाइक से टकराकर नीलगाय की मौत, बाइक सवार घायल



**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के इब्राहिम पुर के पास अचानक सड़क पर नील गाय के आ जाने से तेज रफ्तार बाइक नीलगाय से टकरा गयी इस हादसे में नीलगाय की मौके पर मौत हो गई है औ? बाइक सवार का पैर टूट गया है घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने एंबुलेंस बुला कर घायल को जिला हॉस्पिटल भेजा है बताया जाता है कि करारी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी बबलू सरोज उम्र लगभग 28 वर्ष मंगलवार को बाइक से कहीं जा रहे थे इसी बीच इब्राहिमपुर चौराहे के पास उनकी बाइक नील गाय से टकरा गई है जिससे नीलगाय की मौके पर मौत हो गई है और बाइक सवार बबलू सरोज का पैर टूट गया है घायल बबलू सरोज को इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया गया है।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 26 जुलाई को

**कौशाम्बी** जिला सेवा योजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण मिशन के माध्यम से एन0यू0एल0एम0 से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम एवं एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 26 जुलाई 2023 को कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र, ओसा चौराहा (रैन बसेरा के सामने), मंझनपुर के परिसर में किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवा योजना अधिकारी ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आई0टी0आई0/नॉनआई0टी0आई0 डिप्लोमा उत्तीर्ण एवं कौशल प्रशिक्षण प्राप्त सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीयन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/रिज्यूम के साथ प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी किसान मेला 27 जुलाई को

**कौशाम्बी।** खरीफ अभियान 2023 के अन्तर्गत अधिक फसलोत्पादन के लिए जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं आत्मा योजनान्तर्गत कृषि प्रदर्शनी/किसान मेला वर्ष 2023-24 का आयोजन दिनांक 27 जुलाई 2023 को प्रातः 11 बजे सम्राट उदयन सभागार में किया जायेंगा। यह जानकारी उप कृषि निदेशक ने देते हुए सम्बन्धित अधिकारियां को खरीफ उत्पादकता गोष्ठी में प्रतिभाग करने एवं कृषकों को नवीनतम कृषि तकनीक व उसके लाभ के बारे में जागरूक करने तथा विभागीय योजनाओं का स्टॉल लगवाने का आग्रह किया है।

# स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ विभाग कर रहा है सौतेला व्यवहार

**एरियर बोनस बेतन का भुगतान न मिलने से मंझनपुर ब्लाक के महिला पुरुष स्वास्थ्य कर्मचारी परेशान**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** स्वास्थ्य विभाग के मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र में तैनात महिला पुरूष स्वास्थ्य कर्मचारी व स्वास्थ्य कार्यकत्रियो का बोनस और एरियर का बीते वर्ष का भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है बिभाग द्वारा कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किए जाने से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है इसके साथ ही स्वास्थ्य कर्मचारियों का मई महीने के वेतन का भुगतान भी नहीं दिया जा रहा है जिससे उनके सामने समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। जबकि मंझनपुर ब्लॉक के अलावा अन्य 7 ब्लॉक के महिला पुरूष स्वास्थ्य कर्मचारियों का एरियर बोनस का भुगतान विभाग द्वारा दिया जा चुका है जबकि मंझनपुर ब्लॉक के दो दर्जन से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारियों का वर्ष 2022 का एरियर का भुगतान नहीं किया गया है। वीरेंद्र सिंह फार्मासिस्ट के नेतृत्व में दर्जनों स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सीएमओ को पत्र देकर एरिया बोनस के साथ बकाया वेतन भुगतान किए जाने की मांग की है।

### ओवरटेक के चक्कर में ट्रक से टकराया पिकअप वाहन

**देवीगंज कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना के देवीगंज लेहदरी रोड़ पर चूहापीरन के पास ट्रक को ओवरटेक के चक्कर में ट्रक और पिकप से टक्कर हो गई है जिससे ट्रक सड़क किनारे गड्ढे में चला गया है बताया जाता है कि ट्रक को पिकअप वाहन ओवरटेक कर रहा था इसी बीच सामने से दूसरा वाहन आ जाने के चलते पिकअप ट्रक को ओवरटेक नहीं कर पाया और घबराहट में ट्रक से टकरा गया है घटना मंगलवार की शाम लगभग 5:00 बजे की है हादसे में हालांकि किसी को गंभीर चोटें नहीं आई हैं सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची है दोनों वाहन के चालकों ने किसी के विरुद्ध कोई तहरीर पुलिस को नहीं दिया है दो वाहनों के टक्कर के चलते दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं और आर्थिक नुकसान हुआ है बातचीत के दौरान दोनों वाहन के चालको ने कहा कि आर्थिक नुकसान की भरपाई वह बीमा कंपनी से कर लेंगे।



# त्यौहार को लेकर एडीजी और आईजी ने किया क्षेत्र भ्रमण

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशांबी।** सावन महीने में कावड़ यात्रा और मोहर्रम के पर्व को लेकर प्रयागराज अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर और पुलिस महानिरीक्षक चंद्रप्रकाश ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव के साथ कोखराज थाना क्षेत्र और सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के शेरगढ़ काशिया सकाढा सहित कई गांव का भ्रमण कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था अमन चैन की हकीकत की जानकारी ली इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्यौहार के दृष्टिगत क्षेत्र में पैनी नजर रखी जाए और किसी प्रकार के अराजक तत्वों की जानकारी मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाए उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की अराजकता करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुनिश्चित हो रही है : कल्पना सोनकर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ साल का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। समाज के हर वर्ग के लिए उनके नेतृत्व में योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुनिश्चित हो रही है और स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक स्वावलंबन, सड़क, पानी, बिजली जैसी बुनियादी जरुरतों की पहुंच सुदूर क्षेत्रों तक हुई है। उक्त बातें जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने मुख्य अतिथि के रूप में सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरा प्रयागराज द्वारा 9 साल-सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पर भवन्स मेहता स्नातकोत्तर महाविद्यालय भरवारी परिसर में आयोजित दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही नगर पालिका परिषद भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी ने जन जागरूकता कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की पिछले नौ सालों की उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने गरीबों की सेवा, वंचितों का सम्मान, नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी इन्फ्रास्ट्रक्चर, तकनीकि के विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य अनेक क्षेत्रों में सराहनीय



नगर पालिका परिषद भरवारी अध्यक्ष कविता पासी ने कहा कि वर्तमान युग सूचना क्रांति का युग

कार्य हुए है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग सूचना क्रांति का युग है विद्यर्थियों को इसका सही उपयोग करा चाहिए कविता ने कालेज परिसर में नौ साल सेवा सुषासन और गरीब कल्याण पर लगायी गयी चित्र प्रदर्षनी का फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर जन जागरूकता कार्यक्रम का षुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कालेज के प्राचार्य प्रो0 प्रबोध श्रीवास्तव ने जन जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो की तरफ से केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर लगाई गई चित्र प्रदर्शनी को छात्र छात्राओं के लिए बहुत ही उपयोगी है। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डा0 लाल जी ने कार्यक्रम के आयोजन पर विस्तार से प्रकाष डाला और अतिथियों को विभाग की ओर से स्मृति चिह्न और अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डा0 सीपी श्रीवास्तव चीफ प्राक्टर की देखरेख में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ब्यूरो के वरिष्ठ सहायक राम मूरत विष्वकर्मा द्वारा विषय पर सफल प्रष्नोत्तरी प्रतियोगिता संचालित की गयी तथा कुल11 विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैप्टन अरूण कुमार सिंह और 17 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेट ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में समन्वित बाल विकास परियोजना व सूचना विभाग की तरफ से आकर्षक स्टाल लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट आषीष कुमार, प्रो0 रूबी चौधरी, प्रो0 विवेक त्रिपाठी, प्रो0 स्वेता यादव, प्रो0 अरूण सिंह, प्रो0 पंकज श्रीवास्तव, प्रो0 विमलेष यादव, डा0 सतीष त्रिपाठी, डा0 श्रद्धा तिवारी, डा0 नीति मिश्रा, डा0 राहुल राय, डा0 धर्मेन्द्र अग्रहरि, डा0 दीपक कुमार, डा0 मनीष आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# दोहरा चरित्र अपनाकर योगी सरकार को बदनाम कर रहे अफसर!

**पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता के भेदभाव पूर्ण रवैये से लोगो मे आक्रोश**

**कौशांबी।** लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता भरवारी अपनी भेदभाव रवैये से चर्चा का विषय बनें हुए हैं भू माफियाओ से सांठ गाँठ करके सहायक अभियंता गलत तरीके से किसी को भी नोटिस भेज कर प्रताड़ित करते हुए धनादोहन में लगें है अवैध धन दोहन में लगे सहायक अभियंता के कारनामे पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने चुप्पी साध रखी है जिससे आम जनता प्रताड़ित और परेशान हो रही है दोहरा चरित्र अपनाकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी योगी सरकार को बदनाम कर रहे हैं जानकारी के मुताबिक शतीश कुमार निवासी ग्राम सिघिया अपनी भूमि धरी आराजी संख्या 474 रकबा 00680 पर अपना मकान बना कर रह रहे हैं और उक्त मकान की बाउंडरी वाल भी अर्सा पूर्व से बनवाएं हुए हैं । वही तथा कथित भू माफिया उनके मकान के पीछे जमीन खरीद कर प्लाटिंग कर रहे हैं जो अपने प्लाट का रास्ता पीडित के जमीन से निकालना चाह रहे हैं जिस पर सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग भरवारी से सांठ गाँठ करके पीडित की बाउंडरी वाल को तोड़ कर रास्ता निकालने के फिराक में है जिससे शतीश कुमार का परिवार सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग भरवारी के क्रियाकलापों से भयभीत है इस संबन्ध में सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग भरवारी द्वारा वाउंडरी गिराने की नोटिस भेजी गयी है जो अवैध कार्य वाही है गौर तलब बात यह है कि भरवारी कस्बे में तमाम अतिक्रमण है जिस पर सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग भरवारी की निगाहें बंद नजर आती है और उन पर कोई कार्य वाही य नोटिस नहीं भेजते हैं जो उनके अन्याय पूर्ण रवैया को दशार्ता है पीडित ने जिला अधिकारी कौशांबी मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश गृह सचिव उत्तर प्रदेश मंडल आयुक्त प्रयागराज मंडल को शिकायती पत्र प्रेषित कर अपनी पुश्तैनी मकान की वाउंडरी वाल न गिराये जाने की मांग के साथ सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग भरवारी के खिलाफ जांच करा कर उनके क्रियाकलापों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### ट्रांसफार्मर जलने से गांव के लोग भीषण गर्मी मे बेहाल

**समिति के जिलाध्यक्ष ने अवर अभियंता को दिया ज्ञापन**

**कौशाम्बी।** जहां एक तरफ भीषण गर्मी से और अधिक लोड से ट्रांसफार्मर जल रहे हैं वहीं दूसरी ओर इस उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना बेहाल कर दिया है जनता की परेशानी को देखते हुए समिती के जिलाध्यक्ष जनता के साथ पहुंचकर विधुत अवर अभियंता को ज्ञापन दे कर जल्द ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग की। चायल तहसील के औधन गांव मे दिनांक 22 जुलाई से ट्रांसफार्मर जलने से विद्युत सप्लाई गांव के कुछ भागों मे बाधित हो गई है जिसको देखते हुए जनता के हित मे जनहित कारिणी समिति उत्तर प्रदेश कौशाम्बी के जिलाध्यक्ष रामबाबू केशरवानी ने पेरवा पावर हाउस मे 25 जुलाई को पहुंचकर अवर अभियंता जैन उद्दीन अंसारी को ज्ञापन देते हुए जल्द से जल्द विद्युत सप्लाई शुरू करने की मांग की अवर अभियंता ने चौबीस घन्टे के अन्दर विद्युत सप्लाई शुरु का आश्वाशन दिया है।

# हिंदू संस्कृति भारत देश के राष्ट्रीय पहचान का मूल तत्व : अवधेश नारायण

**कड़ा विकासखंड के गिरधरपुर गढ़ी में आयोजित हुई हिंदू जागरण मंच की बैठक में घोषित हुई कड़ा ब्लॉक एवम दारानगर कार्यकारिणी**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** हिंदू धर्म भारतीय संस्कृति का मूल है बिना हिंदू के इस देश की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। ऐसे में हम सभी देशवासियों का कर्तव्य बनता है कि अपनी इस महान संस्कृति को बचाने के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करें। उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने कड़ा विकासखंड के गिरधरपुर गढ़ी में आयोजित बैठक के दौरान कही। विकासखंड कड़ा तथा दारानगर कार्यकारिणी की घोषणा किया गया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष संजीत मोदनवाल तथा नगर अध्यक्ष कृष्ण दत्त ओझा को मनोनयन किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज विभिन्न विधमीयों के द्वारा सनातन धर्म के ऊपर हमले किए जा रहे हैं और विभिन्न प्रकार के लालच देकर



लोगों को धर्म से अलग किया जा रहा है। ऐसे में हम सभी को एकजुट होकर अपने धर्म प्रचार व विस्तार के लिए मजबूती से काम करना होगा। इसके पूर्व भी धर्म के नाम पर भारत राष्ट्र को कई बार तोड़ा गया है यदि अखंड भारत को देखा जाए जिससे अब तक आधा दर्जन से अधिक देश बनाए जा चुके हैं। यह गारंटी है कि यदि भारत में हिंदुओं की संख्या अधिक रहेगी तो भारत अब विभाजित नहीं होगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने कड़ा ब्लॉक का अध्यक्ष संजीत मोदनवाल को मनोनीत किया। वहीं उपाध्यक्ष आदेश पटेल, कामता यादव, बाल्मिक तथा संजय को जिला कार्यकारिणी सदस्य उमाशंकर पटेल धर्मेंद्र तथा संजय शर्मा को मनोनीत किया वही कड़ा धाम दारानगर नगर पंचायत के अध्यक्ष कृष्णदत्त ओझा तो उपाध्यक्ष विष्णु साहू, जनार्दन पंडा, सनी कुशवाहा, शिव शंकर केसरवानी को मनोनीत किया गया कार्यकारिणी सदस्य आयुष मिश्रा शुभम पांडे अंकित गौतम मनोज कुमार मौर्या को मनोनीत किया गया। मौजूद सैकड़ों लोगों ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रजत पाण्डेय, शिखर मिश्रा, सर्वेश पटेल, पंकज पटेल, सुधीर यादव, अरविंद, अनुराग भट्ट, यशराज, कालीचरण मौर्य, हरिलाल, कुंवर बहादुर, बाल्मीकि पांडे, अंकित गौतम, लवकुश अग्रहरी, हिमांशु गुप्ता, संदीप दुबे, दिव्यांशु साहू, श्याम सिंह, सुनील कुमार, अमित कुमार, शिव शंकर, जीसी प्रजापति, शशि प्रकाश सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बृहद गौ संरक्षण केंद्र गिरधरपुर गढी का किया निरीक्षण मिली खामियां

**कौशाम्बी।** कड़ा विकास खण्ड बृहद गौ संरक्षण केंद्र गिरधरपुर गढी का निरीक्षण भी किया गया। जहां पर रजिस्टर नदारद मिले यही नहीं मौके पर गायों की खाने पीने की व्यवस्था भी अच्छी नहीं थी यह देखकर संगठन के लोग भी बिफर पड़े। संगठन के लोग इस मामले में काफी आक्रोशित नजर आए उन्होंने खंड विकास अधिकारी कड़ा से बात की और एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था को चकाचक करने की बात कही। 1 सप्ताह बाद पुणे संगठन के लोगों ने गौशाला केंद्र का निरीक्षण की बात रखी है।

संपादकीय

## वो जिस्म भी क्या जिस्म है जिसमें ना हो खून-ए-जुनून !

बिस्मिल अजीमाबादी जी ने 'सरफरोशी की तमन्ना' में क्या शानदार शब्द पिरोये हैं -'...वो जिस्म भी क्या जिस्म है जिसमें ना हो खून-ए-जुनून,तूफानों से क्या लड़े जो कश्ती-ए-साहिल में है,हाथ जिन में हो जुनूँ कटते नहीं तलवार से,सर जो उठ जाते हैं वो झुकते नहीं ललकार से,और भड़केगा जो शोला-सा हमारे दिल में है, ...!' जैसे ही 26 जुलाई का दिन आता है तो ऐसे ही विचार हरेक मन में कौंधने लगते हैं, क्यों कि 26 जुलाई का दिन भारत के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है, क्यों कि इसी दिन वर्ष 1999 में भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिकों को कारगिल से खदेड़कर दुर्गम व अति कठिन चौकियों पर अपनी जीत का परचम फहराया था। वास्तव में यह दिन बलिदानियों/हमारे देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने, उनके देश के लिए दिए गए बलिदान को याद करने का दिन है। यह दिन हमारे देश के अमर जवानों द्वारा अपने प्राणों की आहुति देकर देश की आन-बान और शान की रक्षा करने की याद दिलाता है। सच तो यह है कि कारगिल दिवस हमारे देश के जवानों के दुर्गम व अति कठिन पहाड़ी क्षेत्र में 18000 फीट की ऊंचाई पर पराक्रम और शौर्य की कहानी है। इस वर्ष 26 जुलाई, 2023 को हम कारगिल विजय दिवस की 24 वीं वर्षगाँठ मनाने जा रहे हैं। दरअसल,वर्ष 1998 में भारत और पाकिस्तान दोनों ही देशों ने परमाणु परीक्षण किये थे, जिससे तनाव और बढ़ गया था तथा अंत में वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 1999 के मई-जुलाई के बीच जम्मू और कश्मीर के कारगिल (अब लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश में एक जिला) जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर लड़ा गया था जिसमें भारत को जीत मिली थी। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि पाकिस्तानी सैनिकों ने ऑपरेशन बद्र के तहत नियंत्रण रेखा (एलओसी) के भारतीय पक्ष की ओर घुसपैठ करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान को इस बात की पूरी उम्मीद थी कि वह सियाचिन में भारतीय सैनिकों को पराजित कर देगा लेकिन भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' शुरू कर-के इसका माकूल व जोरदार जवाब दिया। जानकारी देना चाहूंगा कि 3 मई, 1999 को पाकिस्तान ने यह युद्ध तब शुरू किया था, जब उसने लगभग 5,000 सैनिकों के साथ कारगिल की पहाड़ी, अति दुर्गम , कठिन पहाड़ी क्षेत्र में उच्च ऊँचाई पर घुसपैठ की और उस पर कब्जा जमा लिया। जब भारत सरकार को पाकिस्तान द्वारा घुसपैठ की जानकारी मिली तो भारतीय सेना द्वारा भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करने वाले घुसपैठियों को वापस खदेड़ने के लिये 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया गया था। यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि सर्वप्रथम 3 मई 1999 को एक स्थानीय चरवाहा जब अपने याक की खोज में कारगिल के पहाड़ी क्षेत्र में इधर-उधर घूम रहा था तभी उसने कई हथियारबंद पाकिस्तानी सैनिकों को देखा था और उसी चरवाहे ने सेना के अधिकारियों को पाकिस्तान की घुसपैठ के बारे में जानकारी दी थी। डीएनए इंडिया में छपी एक खबर से यह जानकारी मिलती है कि इसके बाद 5 मई के दिन इलाके में घुसपैठ की खबरों के जवाब में भारतीय सेना के जवानों को वहां भेजा गया और इस दौरान पांच भारतीय सैनिक शहीद हो गए। कुछ दिन बाद तक पाकिस्तानी सैनिक अच्छी खासी संख्या में (पांच हजार के लगभग) कारगिल पहुंच चुके थे। इसके बाद 9 मई 1999 को उनकी तरफ से भारतीय सेना के गोला-बारूद डिपो को निशाना बनाते हुए भारी गोलाबारी की गई तथा 10 मई तक वे लाइन आफ कंट्रोल (एल ओ सी )के पार द्रास और काकसर सेक्टरों सहित जम्मू-कश्मीर के अन्य हिस्सों में घुसपैठ कर चुके थे। इसके बाद भारतीय सेना द्वारा 'आपरेशन विजय' चलाया गया। जानकारी देना चाहूंगा कि 26 मई को भारतीय वायुसेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए घुसपैठियों पर हवाई हमले शुरू किए। वहीं 1 जून को पाकिस्तानी सेना ने हमलों की रफ्तार तेज कर नेशनल हाइवे 1 को निशाना बनाया। हालांकि, भारतीय वीरों ने अपनी बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए 9 जून तक जम्मू-कश्मीर के बटालिक सेक्टर में दो प्रमुख चोटियों पर दोबारा कब्जा कर लिया था।13 जून को टोलोलिंग चोटी पर भी फिर से कब्जा कर लिया गया। जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय सेना 20 जून तक टाइगर हिल के आसपास के ठिकानों और फिर 4 जुलाई तक टाइगर हिल पर भी अपना कब्जा जमा चुकी थी इसी बीच फ्रांस और अमेरिका जैसे देश भारत के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहरा चुके थे। यहां उल्लेखनीय है कि 5 जून को भारत की ओर से दस्तावेज भी जारी किए गए जिनके द्वारा पाकिस्तानी सेना का हमले में हाथ होने का खुलासा भारत की ओर से किया गया। इसके बाद, 14 जुलाई 1999 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा सेना के 'ऑपरेशन विजय' के सफलतापूर्वक पूरा होने का ऐलान किया गया और 26 जुलाई को पाकिस्तानी सेना के घुसपैठ वाली सभी चोटियों को फिर से अपने कब्जे में लेकर भारत इस युद्ध में विजयी हुआ। यहां पाठकों को यह जानकारी भी देता चलूं कि वर्ष 2019 में इंडिया गेट से लगभग 400 मीटर की दूरी पर एक राष्ट्रीय युद्ध स्मारक बनाया गया है, जो क्रमशः 1962 में भारत-चीन युद्ध, वर्ष1947, 1965 और 1971 में भारत-पाक युद्ध, श्रीलंका में भारतीय शांति सेना संचालन (1987-90) तथा वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के उन सैनिकों, जवानों को समर्पित है जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय युद्ध स्मारक उन सैनिकों को भी याद करता है, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन, मानवीय सहायता आपदा राहत संचालन, आतंकवाद विरोधी अभियान में भाग लिया और सर्वोच्च बलिदान दिया। बहरहाल, कहना चाहूंगा कि वर्ष 1971 के युद्ध में मुंह की खाने के बाद लगातार छेड़े गए छद्म युद्ध के रूप में पाकिस्तान ने ऐसा ही छ्द्म हमला कारगिल में वर्ष 1999 में किया था और मुंह की खाई। एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक के अनुसार18 हजार फीट की ऊंचाई पर कारगिल का यह युद्ध तकरीबन दो माह तक चला, जिसमें 527 वीर सैनिकों की शहादत देश को देनी पड़ी। 1300 से ज्यादा सैनिक इस जंग में घायल हुए। पाकिस्तान के लगभग 1000 से 1200 सैनिकों की इस जंग में मौत हुई। भारत के कैप्टन विक्रम बत्रा (15 अगस्त 1999, परमवीर चक्र विजेता), बिलासपुर के संजय कुमार (परमवीर चक्र विजेता), वीर सैनिक डोला राम(कुल्लू जिला), ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर( तोलोलिंग व सबसे ऊंची चोटी टाइगर हिल पर विजय पताका फहराने वाले), 18 ग्रेनेडियर्स , राजपूताना राइफल्स, हिमाचल प्रदेश के कैप्टन सौरभ कालिया को आखिर कौन भूल सकता है ?

जानकारी देना चाहूंगा कि भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति ने 18 ग्रेनेडियर्ज को 52 वीरता सम्मानों से सम्मानित किया, यह हम सभी भारतीयों को सदैव गौरवान्वित करता रहेगा।इसी कमान के ग्रेनेडियर योगेंद्र यादव को मात्र 19 वर्ष की आयु में परमवीर चक्र से नवाजा गया। अंत में, यही कहूंगा कि विजय दिवस एक दिवस मात्र ही नहीं यह हम सभी देशवासियों के लिए प्रेरणा दिवस भी है। भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस व शौर्य व दृढ़ता से जिस तरह कारगिल युद्ध में दुश्मन को खदेड़ा, उस पर हर देशवासी को गर्व है।

# हंगामें एवं गतिरोध के बीच गरिमा खोते संसदीय मंच

-: ललित गर्गः-



भारत की संसदीय प्रणाली दुनिया में लोकप्रिय एवं आदर्श है, बावजूद इसके सत्ता की आकांक्षा एवं राजनीतिक मतभेदों के चलते लगातार संसदीय प्रणाली को धुंधलाने की घटनाएं होते रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब संसद की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। न केवल संसद बल्कि राज्यों की विधानसभाओं में समुचित रूप से विधायी कार्य न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। संसद एवं विधानसभाएं ऐसे मंच हैं जहां विरोधी पक्ष के सांसद एवं विधायक आलोचना एवं विरोध प्रकट करने के लिये स्वतंत्र होते हैं, लेकिन विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और इन स्थितियों से उत्पन्न संसदीय गतिरोध लोकतंत्र की गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा और नारेबाजी की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है?

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की विधायिकाओं में जो दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे सचमुच चिंताजनक हैं। हालत यह है कि हंगामे व शोर-शराबों के दौर में न संसद का सत्र चल पा रहा है और न ही राज्यों की विधानसभाएं। संसद से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक तस्वीर एक जैसी सामने आ रही है। राज्यसभा के सभापति ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को अमर्यादित आचरण के आरोप में पूरे सत्र के लिए, तो राजस्थान में भी तीन दिन पहले तक मंत्री रहे राजेन्द्र गुढ़ा और विपक्षी दल भाजपा के विधायक मदन दिलावर को शेष सत्र के लिए निलम्बित कर दिया गया। संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहना भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ ही माना जायेगा। सफल लोकतंत्र के लिए सत्ता पक्ष के साथ ही मजबूत विपक्ष की भी जरूरत होती है। लेकिन पक्ष एवं विपक्ष दोनों ही लोकतंत्र को दूषित करने में लगे हैं।

यह देखना दुखद, दयनीय और शर्मनाक है कि मणिपुर को लेकर देश-दुनिया में तो चर्चा हो रही है, लेकिन भारत की संसद में नहीं। यह चर्चा न हो पाने के लिए जिम्मेदार है क्षुद्र राजनीति और एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने की प्रवृत्ति। संसद के तीन दिन बर्बाद हो गए, लेकिन मणिपुर पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी। विपक्ष गृहमंत्री से पहले प्रधानमंत्री का वक्तव्य चाहता है। यह जिद चर्चा से बचने का बहाना ही अधिक जान पड़ती है, क्योंकि एक तो प्रधानमंत्री मणिपुर की घटना पर पहले ही बोल चुके हैं और दूसरे, सत्तापक्ष की ओर से यह नहीं कहा गया कि वह आगे इस विषय पर कुछ नहीं कहने वाले। लेकिन विपक्ष ने ठान लिया है कि वही होना चाहिए, जो उसकी ओर से कहा जा रहा है। जबकि सत्तापक्ष की ओर से बार-बार यह कहा जा रहा है कि मणिपुर सहित अन्य जरूरी मुद्दों पर यदि चर्चा के लिए समय कम पड़ा और उसे बढ़ाने की आवश्यकता पड़ी तो यह काम किया जा सकता है, इससे यही प्रतीत होता है कि विपक्ष संसद में ऐसा माहौल बना देना चाहता है कि आम जनता को लगे कि सरकार मणिपुर पर चर्चा करने से बच रही है। शायद इसीलिए विपक्षी नेता संसद परिसर में प्रदर्शन करने और दोनों सदनों में नारेबाजी को अतिरिक्त प्राथमिकता दे रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां मध्यप्रदेश और राजस्थान की विधानसभाओं में देखने को मिल रही है।

मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों ही राज्यों में चार माह बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं। मध्यप्रदेश में तो विधानसभा के आखिरी सत्र में पांच बैठकें होनी थीं लेकिन शोर-शराबे के हालात ऐसे रहे कि दो बैठकों के बाद ही मानसून सत्र समाप्त कर दिया गया। वैसे तो यह कोई नई बात नहीं है। देश की अधिकांश विधानसभाएं हंगामे और शोरगुल में ही डूबी रहती हैं बिना कामकाज किये सम्पन्न हो जाती है। ऐसे में सवाल यही उठता है कि क्या यह सबसे बड़े लोकतंत्र की निशानी है? राजनीतिक दल और राजनेता यह अच्छी तरह से जानते हैं कि देश की संसद और विधानसभाएं राजनीति करने का मंच नहीं हैं। कानून बनाने, विकास की योजनाओं को लागू करने और उनको मजबूती देने के साथ जनसमस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान निकालने के लिए बने लोकतंत्र के ये पवित्र मंदिर हैं। सत्तारूढ़ दल और विपक्षी दल एक-दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ में रहते हैं और इसी में सदनों का कीमती समय एवं जनता की गाढ़ी कमाई के अरबों रुपए हर साल खर्च एवं बर्बाद हो जाता है। जनता के पैसे से ही विधायक-सांसदों के वेतन-भत्ते और सुविधाएं उठाने वाले जनप्रतिनिधि उसी जनता की आवाज सदन में नहीं उठाएं तो क्या यह जनता के साथ धोखा नहीं?

कितना दुखद प्रतीत होता है जब कई-कई दिन संसद में ढंग से काम नहीं हो पाता है। विवादों का ऐसा सिलसिला खड़ा कर दिया जाता है कि संसद में सारी शालीनता एवं मयार्दा को ताक पर रख दिया जाता है। विवाद तो संसद में भी होती हैं और सड़क पर भी। लेकिन संसद को सड़क तो नहीं बनने दिया जा सकता? वैसे, भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसे अवसर बार-बार आते हैं, जब परस्पर संघर्ष के तत्व ज्यादा और समन्वय एवं सौहार्द की कोशिशें बहुत कम नजर आती है। स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। यदि वह चलती भी है, चर्चा होती है तो भी लगता नहीं कि वह स्तरीय और देश को आश्वस्त करने वाली होगी, क्योंकि सभी राजनीतिक दल राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकने के फेर में दिख रहे हैं। फिर विधानसभा चुनाव एवं आम चुनाव सामने होने की वजह से सभी कोई एक-दूसरे पर दोषारोपण कर जनता को गुमराह करना चाहते हैं। लेकिन राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप लगाने में चाहे जितनी ऊर्जा खपाएं, वे देश को निराश करने का ही काम कर रहे हैं। वास्तव में संसद में गंभीरता जताने के नाम पर जो कुछ हो रहा है, वह किसी तमाशे से कम नहीं। यह तमाशा देश को लज्जित एवं शर्मसार करने वाला है।

आग्रह, पूर्वाग्रह और दुराग्रह- इसी से भारतीय राजनीति ग्रस्त हैं, ऐसे राजनेता गिनती के मिलेंगे जो इन तीनों स्थितियों से बाहर निकलकर जी रहे हैं। पर जब हम आज राष्ट्र की विधायी संचालन में लगे अगुओं को देखते हैं तो किसी को इनसे मुक्त नहीं पाते। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद लोकतंत्र के सारथियों में परिपक्वता नहीं पनप पा रही हैं, साफ चरित्र जन्म नहीं ले पाया है, लोकतंत्र को हांकने के लिये हम प्रशिक्षित नहीं हो पाये हैं। उसका बीजवपन नहीं हुआ या खाद-पानी का सिंचन नहीं हुआ। आज आग्रह पल रहे हैं-पूर्वाग्रहित के बिना कोई विचार अभिव्यक्ति नहीं और कभी निजी और कभी दलगत स्वार्थ के लिए दुराग्रही हो जाते हैं। कल्पना सभी रामराज्य की करते हैं पर रचा रहे हैं महाभारत।

विपक्षी दल अनावश्यक आक्रामकता का परिचय देंगे तो सरकार उन्हें उसी की भाषा में जवाब देगी- कैसे संसदीय गरिमा कायम हो सकेगी? इसका सीधा मतलब है कि संसद में विधायी कामकाज कम, हल्ला-गुल्ला ज्यादा होता रहेगा। कायदे से इस अप्रिय स्थिति से बचा जाना चाहिए। यह एक बड़ा सच है कि संसदीय प्रक्रिया एक जटिल व्यवस्था है और इसे बार-बार परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। लोकतंत्र पहले भी बड़ी परीक्षाओं से गुजरकर निखरा है और लोगों को यही उम्मीद है कि अमृतकाल में भारतीय लोकतंत्र को हांकने वाले लोग परिवक्व होंगे, भारतीय लोकतंत्र इन दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण त्रासदियों से बाहर आयेगा। संसदीय लोकतंत्र की अपनी मयार्दाएं हैं, वह पक्ष-विपक्ष की शर्तों से नहीं, आपसी समझबूझ, मूल्यों एवं आपसी सहमति की राजनीति से चलता है। एक तरह से साबित हो गया, भारतीय राजनीति में परस्पर विरोध कितना जड़ एवं अव्यावहारिक है। राजनीति की रफ्तार तेज है, लेकिन कहीं ठहरकर सोचना भी चाहिए कि लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभाओं में थोड़ा सा समय विरोध-प्रतिरोध के लिए हो और ज्यादा से ज्यादा समय देश एवं प्रांतों के तेज विकास एवं देश निर्माण की चचाओं एवं योजनाओं में लगें।

# लाल डायरी ने हलचल मचा रखी है राजस्थान की सियासत में !

अशोक भाटिया

बहुत पहले अमिताभ बच्चन की फिल्म आई थी ष्डॉन श जिसमें लाल डायरी ने सस्पेंस क्रियेट किया था व फिल्म में हलचल मचा रखी थीण वैसा ही सस्पेंस व हलचल मचा रखी है राजस्थान की सियासत में लाल डायरी ने । अब सवाल उठने लगा है कि इस लाल डायरी से क्या राजस्थान कांग्रेस का संकट बढ़ने वाला है क्योकि राजस्थान विधानसभा में बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के श्लाल डायरीश लहराने का मामला गरमा गया है। दरअसलए गुढ़ा ने इस लाल डायरी के साथ सदन में अचानक धमाका किया एऐसा नहीं है। उन्होंने इस बारे में तभी अपनी मंशा जाहिर की थी जब सरकार ने उन्हें बीते दिनों राज्य मंत्री पद से बर्खास्त करने के आदेश जारी किए थे। उसी दिन उन्होंने मीडिया से बातचीत में कह दिया था कि वे सोमवार को सदन में कोई बड़ा धमाका करने वाले हैं। गुढा ने पहले शनिवार कोए फिर रविवार को भी कहा था कि सोमवार को विधानसभा में जमकर धमाल करूंगा। उन्होंने कहा था कि वहां जो बोलता हैए वही मरता है। मैं बोल गया तो मैं मर गया। गुढ़ा ने कहा था कि मुझे बर्खास्त करने के बाद अब बोल रहे हैं कि गुढ़ा भाजपा से मिला हुआ है। वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत मिलते हैं तो किसी को कोई दिक्कत नहीं होती। आज सरकारी कार्यक्रम में भाजपा के सांसद नरेंद्र खीचड़ मेरे साथ बैठे हैं तो दिक्कत खड़ी हो जाएगी।

झुंझुनूं जिले के गुढ़ा बावनी व बामलास गांव में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने श्लाल डायरीश का जिक्र किया था ।उन्होंने कहा कि आज मैं नहीं होता तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जेल में होते। गहलोत ने डायरी के लिए बोल कर मुझसे डकैती कराई थी। मुख्यमंत्री ने उस दिन मुझसे कहा था कि गुढ़ा आज मेरा सब कुछ तुम्हारे हाथ में हैए इसलिए 150 सीआरपीएफ जवानों के बीच में से निकल कर नौवीं मंजिल से वह डायरी निकाल कर लाया। मैंने वो डायरी नहीं निकाली होती तो आज गहलोत साहब जेल में होते। मुख्यमंत्री के पद पर नहीं होते। गुढ़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने खुद ने कहा था कि आज राजेन्द्र गुढ़ा नहीं होता तो मैं मुख्यमंत्री नहीं होता।

उन्होंने कहा कि जज भी कोई फैसला करते हैं तो पूरी प्रक्रिया अपनाते हैं लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तो मेरे से कुछ भी नहीं पूछा। एक झटके में ही उड़ा दिया। मुझसे बोलते तो मैं इस्तीफा दे देता। गुढ़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने छल से मुझसे बोल कर गिर्राज मलिंगा को बुलाया और गिरफ्तार करा दिया। इस कारण मेरे और मलिंगा के बीच नफरत की दीवार बन गई।गुढ़ा बताते है कि मेरे पास 60 लाख का ऑफर था लेकिन मुख्यमंत्री के कहने पर हमने राज्यसभा सांसद के वोट डाले थे। आत्महत्या करने वाले एक युवक ने महेश जोशी पर आरोप लगाए। उनके बेटे ने जो कृत्य किएए किसी से छिपे नहीं है।

अब विपक्ष ने भी इसे मुद्दा बनाकर गहलोत सरकार को चौतरफा घेरकर अटैक करने रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। जयपुर से लेकर दिल्ली तक से इस श्लाल डायरीश को लेकर सरकार को घेरने में भाजपा लग गई है।नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा है कि लाल डायरी में कांग्रेस सरकार के काले कारनामों का चिट्ठा है। जो राजेन्द्र गुढ़ा कुछ दिन पहले तक मुख्यमंत्री के आंखों के तारे थेए आज वो ही उनके लिए आंखों की किरकिरी बन गए हैं। विधायक विधानसभा में नहीं बोलेगा तो फिर कहां बोलेगा घ

राठौड़ ने कहा कि जब चुने हुए प्रतिनिधि को लोकतंत्र के मंदिर में ही जाने नहीं दिया जा रहा हैए उनकी आवाज दबाई जा रही है तो जनता के विरोध की आवाज के साथ क्या सलूक किया जाएगाए यह भलीभांति समझा जा सकता है। प्रदेश जानना चाहता हैए लाल डायरी का सच क्या हैघ राजस्थान में लोकतंत्र तार.तार हो रहा है।

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह राजस्थान के लोकतांत्रिक इतिहास का काला दिन है जब किसी विधायक के साथ ऐसा व्यवहार किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सवाल किया कि जिस लाल डायरी का जिक्र गुढ़ा कर रहे हैंए उसके विषय में मुख्यमंत्री को पूरा खुलासा करना चाहिए। लाल डायरी में क्या हैघ पूरा प्रदेश जानना चाह रहा है। शेखावत ने दावा किया कि लाल डायरी में गहलोत सरकार के कई मंत्रियों के भ्रष्टाचार के राज हैं। इसके तार दिल्ली में आलाकमान तक जुड़े हुए हैं।

सोमवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से रू.ब.रू होते हुए शेखावत ने कहा कि लाल डायरी के नाम पर ही कांग्रेस सरकार के मुखिया और मंत्रियों में घबराहट दिखाई देती है। गुढ़ा जी ने एक दिन पहले ही कह दिया था कि इस लाल डायरी से सरकार की चूलें हिल जाएंगी। सरकार धराशाही हो जाएगी। शेखावत मुख्यमंत्री गहलोत से पूछा कि लाल डायरी को लेकर सरकार और उनमें इतनी धबराहट क्यों हैघ केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि वर्ष 2020 में जब कांग्रेस में अंतरकलह चरम पर थी। अपने आलाकमान से मिलने के लिए कुछ विधायक दिल्ली के पास डेरा डाले बैठे थे। उसी कालखंड में सरकार में मंत्री का दर्जा प्राप्त कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी के यहां इनकम टैक्स ने रेड किया था। उस रेड के दौरान लाल रंग की डायरी और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज रिकवर किए गए। राजस्थान पुलिस की मिलीभगत से उस समय गुढ़ा जीए जो विधायक थे और गहलोत के कृपा पात्र थेए पचास से अधिक समर्थकों के साथ जाकर इनकम टैक्स के अधिकारियों से लाल रंग की डायरी छीनकर ले आए थे। ऐसा कहा जाता है कि उस डायरी में गहलोत साब के बहुत सारे राज छिपे थे।

शेखावत ने कहा कि आज विधानसभा में जिस तरह कांग्रेस के विधायकों में उस लाल डायरी को छीनने की होड़ मची हुई थीए उससे लगता है कि कहीं न कहीं उस लाल डायरी में लाल है या नहीं लेकिन कुछ काला जरूर है। आज मैं गहलोत साब से यह प्रश्न पूछना चाहता हूं कि आपने क्यों राजेन्द्र गुढ़ा को वहां भेजकर जबरन लाल डायरी मंगवाईघ क्या राजस्थान की गरीब जनता की भलाई के लिए चलाई गई योजनाओं से लूटे गए पैसों का उसमें हिसाब थाघ उन पैसों का कबए कहां और कौन उपयोग कर रहा थाघ कौन गुलछर्रे उड़ा रहा थाघ कौन अपनी राजनीतिक आंकाक्षाओं की पूर्ति के लिए उपयोग कर रहा थाघ किसने कहां प्रॉपर्टी बनाईघ क्या इन सबकी जानकारी उसमें थीघ गुढ़ा ने कहा था कि डायरी में 500 करोड़ का हिसाब था। गुढ़ा को चुप रखने के लिए ही उन्हें मंत्री पद से नवाजा गया था। इसलिए वे ढाई साल तक चुप रहे। उन्होंने जो प्रश्न खड़े किएए सरकार उन्हें झेल नहीं पा रही थी।

केन्द्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि डायरी में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ;आरसीएद्ध के चुनाव के लिए कबए किसको और कितना पैसा दिया गयाघ इसका भी हिसाब है। इससे सरकार की बौखलाहट स्पष्ट होती है। इससे यह भी समझ में आ रहा है कि क्यों गुढ़ा जी की बयानबाजी को इतने दिन तक गहलोत सहन कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि लाल डायरी का रहस्य जिस दिन खुलेगाए कई लोगों का राजनीतिक वजूद हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। राज्य में बढ़ रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर तंज कसते हुए केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि गुढ़ा ने अजमेर ब्लैकमेल कांड के विषय में भी चर्चा की। पेपरलीक की डायरी निकलेगीए वह नीले रंग की होगी। माइनिंग माफिया की डायरी काले या पीले रंग की होगी। नौकरियों में हुए घोटाले की डायरी किसी और रंग होगी। पता नहींए कितने रंग की डायरियां हैं।

# सिर्फ एक सर्वे ने विपक्षी गठबन्धन को आईना दिखा दिया

राजेश कुमार पासी

26 विपक्षी दलों के मेल से बने गठबन्धन को इंडिया नाम दिया गया है । इसके नाम का भी मजाक बन रहा है क्योकि इसके नाम का मतलब ज्यादातर नेता जानते ही नहीं है और सिर्फ नाम के आधार पर ही जीत का दावा कर रहे हैं । इसके नेता दावा कर रहे हैं कि इस गठबन्धन के बनने के बाद भारतीय राजनीति में बड़ा बदलाव होने जा रहा है । इस दावे की एबीपी न्यूज के साथ मिलकर सर्वे करने वाली एजेंसी सी.वोटर ने पोल खोलकर रख दी है । वैसे देखा जाये तो एबीपी न्यूज को मोदी विरोधी ही माना जाता हैए अगर मोदी विरोधी न भी माना जाये तो निष्पक्ष तो मान ही सकते हैं । वैसे तो कुछ लोग सर्वे को सिरे से नकार देते हैं लेकिन यह एजेंसी कई प्रकार के सर्वे लगातार करती रहती है । सर्वे सही है या गलतए इस विचार को छोड़कर अगर हम इस सर्वे से निकलने वाले निष्कर्षो की बात करें तो वो बड़े रोचक हैं ।

ये सर्वे उन नेताओं के सपनों को भी तोड़ने वाला है जो राहुल गाँधी की संसद सदस्यता के ऊपर मंडरा रहे खतरे को देखते हुए प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने का सपना पाले हुए हैं । अब वो नेता काँग्रेस के भी हो सकते हैं और दूसरी पार्टियों के भी लेकिन सपना तो टूटता हुआ दिखाई दे रहा है । काँग्रेस ने भी गठबन्धन के बनने पर कहा है कि उसका प्रधानमंत्री पद पर कोई दावा नहीं है बल्कि वो चाहती है कि संयोजक काँग्रेस पार्टी से ही बने । काँग्रेस के इस दावे से भी कई नेताओं के सपनों पर पानी फिर गया है क्योंकि नीतीश कुमारए केजरीवालए ममता बैनर्जी और शरद पवार जैसे कुछ नेता गठबन्धन के संयोजक पद की उम्मीद पाले हुए थे । नीतीश कुमार तो चाहते थे कि बेंगलुरू की बैठक में ही संयोजक पद का फैसला हो जाये क्योंकि वो संयोजक बनने की उम्मीद लिये हुए ही बैठक में पहुँचे थे । ऐसी ही उम्मीद लिये हुए लालू यादव भी आये थे क्योंकि वो चाहते थे कि नीतीश कुमार गठबन्धन के संयोजक बन जायें और बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी उनके बेटे तेजस्वी यादव के लिये छोड़ दें । जब दोनों की उम्मीदों के विपरीत गठबन्धन के संयोजक पद को अगली बैठक पर छोड़ दिया गया तो दोनों नाराज होकर बिहार में जाकर कोपभवन में बैठे हुए हैं ।

सर्वे की बात करें तो इस सर्वे ने गठबन्धन का पहला सपना ही तोड़ दिया हैए जिस पर इस गठबन्धन की नींव टिकी हुई है । सर्वे के अनुसार आज भी देश में प्रधानमंत्री के पद के लिये जनता की पहली पसन्द मोदी ही हैंए देश की 57 प्रतिशत जनता चाहती है कि मोदी ही प्रधानमंत्री बनें और इसके अलावा 8 प्रतिशत जनता योगी को प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहती है । इस प्रकार 65 प्रतिशत देश की जनता प्रधानमंत्री के पद पर भाजपा का नेता देखना चाहती है । इससे स्पष्ट हो जाता है कि सर्वे के अनुसार 2024 में मोदी के सामने कोई चुनौती नहीं है । उनकी लोकप्रियता को देखते हुए कहा जा सकता है कि वो आज भी उतने ही लोकप्रिय हैंए जितने 2014 में थे । उनकी लोकप्रियता में उतार चढ़ाव आता है तो बहुत ही कम आता हैए जिससे लोकसभा के चुनाव में असर न के बराबर होता है । इससे यह भी स्पष्ट हो जाता है कि मोदी की वापिसी को रोकना विपक्ष के बस में नहीं है । किसी भी गठबन्धन का फायदा तभी हो सकता हैए जब जनता में सत्ताधारी नेता के प्रति भारी नराजगी हो क्योंकि तभी जनता दूसरे विकल्पों की ओर देखती है । सवाल यह उठता है कि जब मोदी की लोकप्रियता पहले की तरह ही कायम है तो फिर उनका विकल्प कोई कैसे बन सकता है घ यही कारण है कि भाजपा के नेता यह दावा करते हैं कि विपक्षी दल चाहे कितना भी बड़ा गठबन्धन बना लें लेकिन जब प्रधानमंत्री पद ही खाली नहीं है तो गठबन्धन बनाने से कुछ होने वाला नहीं है ।

# विशेषाधिकार बनाम न्यायपालिका

## वीरेंद्र सिंह परिहार

गत दिनो ट्रेन के लेट होने पर प्रयागराज के एक न्यायाधीश को नाश्ता नहीं मिलने और इस तरह से प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर पर हाई कोर्ट रजिस्टार प्रोटोकॉल ने रेलवे प्रबंधन को नोटिस भेजकर जवाब मांगाण इस पर आपत्ति करते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सभी न्यायाधीशों को एक पत्र लिखकर कहा कि प्रोटोकाल जजों का विशेषाधिकार नहीं हैण जजों को उपलब्ध कराई गई प्रोटोकॉल सुविधाओं का इस्तेमाल विशेषाधिकार के दावे पर जोर देने के लिए नहीं किया जाना चाहिएण्ये उन्हें समाज से अलग करता है और ताकत या अधिकार के अभिव्यक्त के रूप में सामने आता हैण कुल मिलाकर चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ का कहने का आशय यह है कि इस तरह के कृत्य जजों द्वारा अपने अधिकारों का दुरुपयोग है लेकिन लाख टके की बात है कि जब जजों के विशेष अधिकारों की समाज के संदर्भ में बात की जाती है तो यह कौन नहीं जानता कि इस देश की न्यायपालिका पूरी तरह विशेष अधिकारों से लैस हैण जवाबदेही से उसका कुछ लेना देना नहींण कुल मिलाकर के वह एक सर्वशक्तिमान जैसा काम कर रही है। क्या चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ इस बात पर भी गौर करेंगे कि जब हमारे देश के संविधान में शक्ति पृथक्करण के सिद्धांत के चलते संतुलन एवं निरोध का सिस्टम बनाया गया है तो आखिर में न्यायपालिका इससे ऊपर क्यों हैघ सैद्धांतिक तौर से कार्यपालिका को तो व्यवस्थापिका नियंत्रित करती हैण व्यवस्थापिका को न्यायपालिका नियंत्रित करती हैए आखिर में न्यायपालिका को नियंत्रित करने का कोई तंत्र क्यों नहीं विकसित किया गयाघ भारत के अलावा शायद ही दुनिया में कोई ऐसा देश हो जहां जज ही जजों को नियुक्त करते होण जहां जजों की स्वेच्छाचारिता और भ्रष्टाचार को लेकर जांच एवं कार्यवाही का कोई प्रावधान न होण सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश टीएस ठाकुर ने एक बार कहा था। न्यायपालिका की यह जिम्मेदारी है कि वह सरकार के अंगों पर निगाह रखें ताकि वह लक्ष्मण रेखा को पार ना कर सकेण यह बात सौ फीसदी सही है लेकिन लाख टके का सवाल है कि न्यायपालिका लक्ष्मण रेखा को पार ना करेंए इस पर निगाह रखने के लिए क्या व्यवस्था है। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ को इस बात पर भी गौर करना चाहिए कि मोदी सरकार द्वारा न्यायिक नियुक्ति आयोग का कानून बनाया गया तो उसे सर्वोच्च न्यायालय ने इस आधार पर निरस्त कर दिया कि इससे न्यायिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप होगा जबकि उस आयोग मैं जो 6 सदस्य होतेए उसमें तो चीफ जस्टिस के अलावा सुप्रीम कोर्ट के दो वरिष्ठतम जज होते।

# सांख्यिकी आंकडों का अर्थव्यवस्था में है महत्वपूर्ण योगदानः डीएम

## सेन्सिटाइजेशन कार्यशाला सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट सभागार में सांख्यिकी आंकड़ों के संग्रहण को जिला स्तरीय सेन्सिटाइजेशन कार्यशाला में कहा कि उप्र की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर बनाने की बाबत अधिकारियों, उद्यमियों, व्यापारियों से चर्चा की जा रही है।




मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग की प्लानिंग के बारे में मुख्यालय से जानकारी कर जिले की रिपोर्ट भारत सरकार, प्रदेश सरकार को भेजी गई है, वह कहां से मिली है। कार्यशाला में जिले की जीबीए रिपोर्ट करके प्रदेश मुख्यालय भेजी जाती है। प्रदेश से भारत सरकार को भेजा जाता है। सभी सर्वेयर्स तथा विभागीय अधिकारी यह देखें कि जो भी रिपोर्ट जा रही है वह सही रहे। जिले में जो भी कार्य हो रहे हैं, कोई भी कार्य छूटने न पाए। अर्थ एवं संख्या अधिकारी से कहा कि एक सेल बनायें कि किस एजेंसी का सर्वेयर किस विभाग की रिपोर्टिंग करेगा।

उन्होंने विभिन्न सेक्टर्स का जीबीए आंकलन करने को प्रदेश में विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण जारी हैं। सर्वेक्षणों से प्रदेश में संचालित विकासोन्मुख योजनाओं में हो रहे निवेश के मद्देनजर निर्माण, व्यापार एवं अन्य सेवा क्षेत्र में दिख रहे विकास की वास्तविक दशा के अनुरूप आंकड़े संग्रहित हो रहे हैं। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान की दिशा में भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं।

कार्यशाला और जागरूकता अभियानों से प्रदेश में राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार और अर्थ एवं संख्या प्रभाग उप्र के कराये जा रहे सर्वेक्षणों के बारे में जागरूकता बढाने को कदम उठाना जरूरी है। कार्यशालाओं में हितधारक (स्टेक होल्डर) अर्थात परिवार, कारखाने, दुकानें, छोटे व्यवसाय, स्वास्थ्य देखभाल इकाइयां, क्लब, शिक्षा संस्थान, कानूनी और परिवहन संगठन आदि को ये भरोसा करने की जरूरत है कि साझा की गई जानकारी का उपयोग व्यक्तिगत पहचान उजागर किए बिना केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए की जायेंगी। सांख्यिकीय रूप से सही आंकड़े उपलब्ध कराने के बाद ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाया जा सकता है। केन्द्र एवं राज्य सरकार ने समय-समय पर कराये जाने वाले सर्वेक्षण कार्यों में वांछित आंकडे देने में सहयोग की अपील की है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय फतेहपुर एनएसओ एसके यादव ने बताया कि जिले में कराये जा रहे विभिन्न सेक्टर्स का जीबीए आंकलन करने को प्रदेश में विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण हो रहे हैं। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजदीप वर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा काशीनाथ यादव की टीम ने आर्म्स एक्ट के वारंटी राजेश उर्फ राजकुमार पुत्र सिद्धगोपाल निवासी खटवारा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा काशीनाथ यादव, सिपाही शुभम त्रिपाठी व जितेंद्र मोर्य शामिल रहे।

## दो के कब्जे से 43 क्वार्टर शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो के कब्जे से 43 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। मंगलवार को चैकी प्रभारी शिवरामपुर राजोल नागर की टीम ने शिरोमणि सिंह पुत्र स्व दशरथ प्रसाद निवासी खुटहा को 23 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर राजोल नागर व सिपाही श्यामू शामिल रहे।

राजापुर थाने के दरोगा कन्हैया बक्श सिंह की टीम ने गया प्रसाद पुत्र चन्द्रभान निवासी रगौली को 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा कन्हैया बक्श सिंह, सिपाही धीरेन्द्र, उज्जवल शामिल रहे।



## गैगेस्टर आरोपी को हुई दो वर्ष की सजा व पांच हजार रुपये का जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवीकर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह व पैरोकार धनेश मिश्रा की पैरवी से गैंगेस्टर के आरोपी को अदालत ने दो वर्ष दो माह की सजा व पांच हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

मंगलवार को संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी की प्रभावी बहस के नतीजतन एफटीसी न्यू सुशील कुमार वर्मा की अदालत ने थाना बरगढ़ में दर्ज गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी हंसा उर्फ मुन्ना पुत्र मुनीषा निवासी बालापुर कोतवाली कर्वी को दो वर्ष दो माह व चार दिन की सजा तथा पांच हजार रुपये के जुमार्ना से दण्डित किया है।

उल्लेखनीय है कि आठ अप्रैल 2023 को बरगढ़ थाने के पूर्व थानाध्यक्ष बजरंगी सिंह ने हंसा उर्फ मुन्ना के खिलाफ बरगढ़ थाने में गैंगेस्टर एक्ट दर्ज किया था। विवेचक/निरीक्षक पीके पाण्डेय ने 27 नवम्बर 2004 को आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

# बघौडा गांव में सार्वजनिक बंजर भूमि पर है पूर्व प्रधान के पुत्रों का कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के बघौड़ा गांव की बंजर खाते की सार्वजनिक जमीन पर कोठिलिहाई गांव के पूर्व प्रधान ने अवैध कब्जा किया था। जिले में डकैतों का कई दशक तक बोलबाला रहा है, जिसके दम पर कुछ रसूखदार सजातीय लोगों ने फायदा उठाते हुए डकैतों के संरक्षण व सत्ता के बूते बघौड़ा गांव की सार्वजनिक बंजर जमीन गाटा संख्या 268 रकबा 0.247हे श्रेणी पांच बंजर खाते को अवैध कब्जाकर वृक्षारोपण व खेती कर रहे हैं।

मंगलवार को बघौड़ा गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम मानिकपुर को सौंपे पत्र में कहा कि सार्वजनिक बंजर जमीन से अवैध कब्जा हटायें। बघौड़ा में पूर्व लेखपाल प्रेमचंद ने जमीन की नाप की थी। निर्माण कार्य रोकवाया था। डकैतों के संरक्षण में सार्वजनिक बंजर जमीन पर अवैध ढंग से कोठिलिहाई गांव के पूर्व प्रधान की 2021 में मृत्यु हो चुकी है। अब पूर्व प्रधान के पुत्र सार्वजनिक बंजर जमीन पर अवैध कब्जा किये है। दबंग भू-माफियाओं की मनमानी हावी है, अभी भी सार्वजनिक जमीन पर अवैध कब्जा है। कोठिलिहाई गांव के पूर्व प्रधान के पुत्रों ने प्रधान को पत्र भेजकर बघौडा गांव में सार्वजनिक बंजर भूमि पर है पूर्व प्रधान के पुत्रों का कब्जा न्यायालय में याचिका दायर होने का हवाला दे रहे हैं। प्रधान ने बताया कि गौवंशो को संरक्षित करने को गांव में गौशाला नहीं है। किसानों को अन्ना गौवंशो से परेशानी होती है। प्रधान ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि सार्वजनिक बंजर जमीन को खाली कराकर गौशाला को दी जाये। प्रधान ने कहा कि बघौड़ा में लेखपाल ब्रह्मा प्रसाद शासकीय कार्यों में रुचि नहीं लेते। दबंग भू-माफियाओं पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

# प्रधानमंत्री की चुप्पी जायज या नाजायजः का अमित

## भाकपा ने जुलूस निकाल सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा राष्ट्रीय आवाहन पर जिला कौंसिल के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने का अमित यादव एड की अगुवाई में कैंप कार्यालय से गृहमंत्री इस्तीफा दो, मणिपुर मुख्यमंत्री इस्तीफा दो, मंहगाई-बेरोजगारी दूर करो, इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए जुलूस की शक्ल में तहसील मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन कर का सुशील की अध्यक्षता में सभा हुई।



मंगलवार को सभा में जिला सचिव का अमित यादव एड ने कहा कि जाति, धर्म, भाषा, भूगोल के नाम पर पहचान की राजनीति ने आदमी को ही आदमखोर बना दिया है। मणिपुर की औरतों को घेर कर नाच रही मर्दों की भीड़ सरकार की अकर्मण्यता के कारण आस-पास भी बन गई है। अपने घरों में दिन-रात जहर बोने वाले रिश्तेदारों से सावधान रहिए। उन सभी को बताने का समय आ गया है कि नफरत और पहचान की राजनीति ने जनता को किस तरह भीड़ में बदल दिया है। वे औरतें मणिपुर की नहीं हैं। वे कुकी नहीं हैं। वे कुछ और नहीं हैं। वे केवल औरतें हैं। अगर ये घटना देश के गृहमंत्री और मणिपुर मुख्यमंत्री को बेचैन नहीं करती। उनकी हड्डियों में सिहरन पैदा नहीं होती तो खुद ही इस्तीफा दे दीजिए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ढाई माह से शांति अपील नहीं की। वहां जाकर नफरत और हिंसा को रोकने की अपील नहीं की। राज्य ने अपना फर्ज नहीं निभाया। उनके जाने या अपील करने से हिंसा रुक जाती, इसकी कोई गारंटी नहीं है, इस चुप्पी का क्या मतलब है? क्या यह चुप्पी जायज कही जा सकती है? अपनी बहन-बेटियों की सुरक्षा खुद करने और नकारा सरकार को बदलने को तैयार रहना होगा।

प्रदर्शन बाद राष्ट्रपति संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

प्रदर्शन/ज्ञापन में का सुशील, का दादूराम, जीवनलाल, हनुमान, राज नारायण, चंद्र मोहन गुप्ता, दिनेश, राममिलन, राम विजय, श्रीपाल, कमलाकांत, लवलेश, प्रकाश, राम सिंह, शिव नरेश, शिव पुराण, कमलेश आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## पुलिस ने गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा देवीदीन की टीम ने शेरसिंह उर्फ चैबे सिंह पुत्र भूपाल सिंह निवासी बरद्वारा थाना सरधुवा को छह सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा देवीदीन, दीवान अरविन्द सोनी शामिल रहे।

## पाल महासभा के पहाडी ब्लाक पदाधिकारी चयनित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय पाल महासभा के संरक्षक मंडल के सदस्य की मौजूदगी में पहाड़ी ब्लॉक के सरधुआ के खरियारी पुरवा में हुई बैठक की अध्यक्षता गया प्रसाद पाल ने की।

मंगलवार को सभा में अखिल भारतीय पाल महासभा के जिलाध्यक्ष कुबेर पाल ने अतिथियों का आभार जताते हुए बैठक में खासतौर से शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक कुरीतियों को लेकर विचार व्यक्त किये। खासतौर से मनुभूषण पाल, शिवभजन पाल, गया प्रसाद पाल, संतन पाल, रामसजीवन पाल, रामचरण पाल, कोषाध्यक्ष महासभा दुर्गेश पाल, पप्पू पाल, श्रवण पाल, विजयपाल, प्रदीप पाल, शिव प्रकाश पाल, शिव सिंह पाल, सनी कुमार पाल, सोनी पाल, अवधेश पाल, राजकुमार पाल ने बैठक में हिस्सा लेते हुए विचार रखे। पहाडी ब्लाक के पदाधिकारियों का चयन हुआ।

पहाड़ी ब्लाक अध्यक्ष मनभूषण पाल, तहसील अध्यक्ष होरीलाल पाल चिल्लीमल, न्याय पंचायत अध्यक्ष/ब्लॉक सचिव नन्दलाल पाल, पहाड़ी ब्लाक से जिले के पदाधिकारी राम प्रकाश पाल इटौंरा बनाये गये। संचालन विनय कुमार पाल एड/उपाध्यक्ष ने किया।

## दो को होगी पूर्व सैनिकों की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अवधेश सिंह ने जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं/सेवारत सैनिकों से कहा है कि जिला स्तर पर सैनिक बंधु की बैठक में सदस्य एवं जिले के अधिकारियों की मौजूदगी में सैनिक बंधु की बैठक दो अगस्त को अपरान्ह तीन बजे कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में होगी। जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों व उनकी विधवाओं, सेवारत सैनिकों जिनके भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक से ऋण, पेंशन संबंधी शिक्षा चिकित्सा एवं आर्थिक अनुदान की समस्यायें हैं, उनका निदान किया जाएगा।

## विद्यालयों के समय में करें बदलाव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उप्र के जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश द्विवेदी ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि भीषण गर्मी एवं उमस से विद्यालयों के समय में बदलाव किया जाये।

मंगलवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उप्र के जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश द्विवेदी ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि जिले में भीषण उमस व गर्मी से विद्यालयों में बच्चों का बैठना मुश्किल हो रहा है। सवेरे से ही उमस भरी गर्मी बढ जाती है। इससे बच्चों को चक्कर व उल्टी जैसी परेशानियां हो रही हैं। बच्चों में संक्रमण की समस्या भी हो रही है। आये दिन विद्यालयों में बच्चों के बेहोश होने की खबरें आ रही हैं। ऐसे में किसी दिन कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

# गर्मी उमस को लेकर अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट ।** गर्मी और उमस को देखते हुए आज अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडे के नेतृत्व में एक ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री महोदय जीको संबोधित द्वारा उप जिलाधिकारी कर्वी के माध्यम से वहां मौजूद तहसीलदार कर्वी को सौंपा गया जिसमें मांग की गई गर्मी उमस को देखते हुए विद्यालय के समय बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए साथ ही विद्यालय के समय में परिवर्तन किया जाए प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडे ने कहा की भारी उमस गर्मी के कारण कई विद्यालयों में बच्चों को चक्कर आ जाना बेहोश हो जाना आए दिन घटित हो रहा है माध्यमिक विद्यालयों में समय 7:00 से 12:00 है जबकि बेसिक विद्यालयों में समय 8:00 से दो बजे है न्याय प्री मुख्यमंत्री जी से हमारी मांग है की भारी उमस एवं गर्मी को देखते हुए पूरे प्रदेश के बेसिक विद्यालयों में समय में परिवर्तन किया जाए साथ ही विद्यालय समय पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए जिससे बच्चों के पठन-पाठन में कोई असुविधा ना हो अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के चित्रकूट जिला के महामंत्री बृजेंद्र कांत मिश्र ने कहां की बच्चों के हित को ध्यान मैं रखते हुए सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए समय परिवर्तन एवं बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए जिससे बच्चों को उमस एवं गर्मी से राहत मिल सके इस मौके पर अखिलेश श्रीवास्तव नवनीत निगम धर्मेंद्र विश्वकर्मा हेमंत सिंह सुनील द्विवेदी राधेश्याम सिंह परमानंद मोतीलाल राजाराम प्रदुम सुंदरलाल रामबाबू प्रजापति सहित कई शिक्षक साथी मौजूद रहे ।

# माकपाइयों ने किया प्रदर्शन, मणिपुर के मुख्यमंत्री को करें बर्खास्त

## उप्र किसान सभा व अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र किसान सभा व अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने मणिपुर में जातीय हिंसा, आदिवासी महिलाओं पर बर्बर यौन उत्पीडन आदि रोकने एवं मणिपुर मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की मांग को लेकर जुलूस निकालकर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।




मंगलवार को उप्र किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड व अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष का पूनम ने कार्यकताओं के साथ जिला कचहरी परिसर से जुलूस निकालते हुए एसडीएम सदर कार्यालय पहुंचे। यहां एसडीएम सदर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि मणिपुर मे तीन महीनों से जारी हिंसा देशवासियों के लिए गम्भीर चिंता का विषय है। मैती और कुकी समुदायो को आपस में लडाया जा रहा है। भाजपा की राज्य सरकार हिंसा रोकने में असफल है। खबरों के अनुसार 160 हत्यायें, 60 हजार से ज्यादा लोग शरणार्थी कैम्पो में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। सैकडों घरों, गांवो, बस्तियों को दंगाइयों ने आग के हवाले कर दिया है। महिलाओ के यौन उत्पीडन के खौफनाक, शर्मनाक वीडियो सामने आ रहे है। दो आदिवासी कुकी महिलाओं को पुलिस भीड के हवाले कर देती है। उन्हे नंगा कर घुमाया जाता है। उनके साथ सामूहिक बलात्कार की खबरे आ रही है। यह क्रूर घटना मानवता और देश को शर्मशार करने वाली है। केन्द्र सरकार की चुप्पी चिंताजनक है।

इन घटनाओं के खिलाफ अखिल भारतीय किसान सभा एवं महिला समिति के राष्ट्रव्यापी प्रतिरोध में शामिल होकर जिलाधिकारी/तहसील कार्यालय पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन से ज्ञापन भेजा जा रहा है।मांग किया कि मणिपुर हिंसा एवं महिलाओ के यौन उत्पीडन को रोककर दोषियों को दण्डित कर मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त किया जाये। इस मौके पर उप्र किसान सभा के लल्लूराम, शिवमोहन, राजाराम, राजेन्द्र प्रसाद, मंजू जायसवाल, अजय सिंह एड, शिवम द्विवेदी, बाबूलाल, सुभाषचन्द्र, वीर बहादुर सिंह, रामप्रताप विश्वकर्मा व फेरम आदि मौजूद रहे।

## अल्जीरिया में दावानल से हाहाकार, 10 सैनिकों और 15 नागरिकों की मौत


**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया में जंगल में लगी आग विकराल हो गई है। इस दावानल में 10 सैनिकों और 15 नागरिकों की मौत हो गई। सैनिक तेज हवाओं और चिलचिलाती गर्मी के बावजूद आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार ने यह सूचना साझा की। गृह मंत्रालय ने कहा है कि 1,500 लोगों को जंगल से सुरक्षित निकाला गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि राजधानी अल्जीयर्स के पूर्व बेनी क्सिला के रिसॉर्ट क्षेत्र में आग बुझाने के दौरान 10 सैनिक मारे गए और 25 घायल हो गए।



यह आग तेज हवा के कारण खेतों तक फैल गई है। आग बुझाने के अभियान में लगभग 7,500 अग्निशमन कर्मियों के अलावा 350 ट्रकों और विमानों को लगाया गया है। इस आग से देश में हाहाकार मच गया है। देश के राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों के प्रमुख कमांडर अब्देलमदजीद तेब्बौने ने शोक संदेश में मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## इंडोनेशिया में 6.0 तीव्रता का भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा द्वीप पर आज सुबह शक्तिशाली भूकंप के तगड़े झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गई। हालांकि, इसके कारण कितने लोग हताहत हुए हैं, इसकी तत्काल कोई सूचना नहीं मिल पाई है। भू-भौतिकी एजेंसी ने कहा है कि फिलहाल सुनामी की कोई संभावना नहीं है। एजेंसी ने बताया कि भूकंप का केंद्र तिमोर लेस्ते के करीब पूर्वी इंडोनेशियाई क्षेत्र के समुद्र में 75 किलोमीटर की गहराई पर था।



## पाकिस्तान में बारिश का कहर जारी, कम से कम 133 लोगों की मौत, 215 घायल

**पाकिस्तान में बारिश के कहर के कारण कम से कम 133 लोग मारे गए हैं और 215 से अधिक लोग घायल हो गए हैं, जिससे गंभीर क्षति हुई है और लोगों की जान चली गई है।**


**इस्लामाबादः** पाकिस्तान में बारिश के कहर के कारण कम से कम 133 लोग मारे गए हैं और 215 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। जिससे गंभीर क्षति हुई है और लोगों की जान चली गई है। एआरवाई न्यूज ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) का हवाला देते हुए बताया। कथित तौर पर हताहतों में 21 महिलाएं और 55 बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा करीब 368 घर भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं।



सबसे ज्यादा मौतें पंजाब प्रांत में हुई हैं, जहां 65 लोगों की जान गई है। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा है, जहां 35 लोग मारे गए हैं। एआरवाई न्यूज ने एनडीएमए रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि बलूचिस्तान में भी छह लोग मारे गए हैं। इससे पहले मौसम कार्यालय ने चेतावनी दी थी कि 20-22 जुलाई तक भारी बारिश के कारण इस्लामाबाद, रावलपिंडी और अन्य प्रमुख शहरों के निचले इलाकों में शहरी बाढ़ आ सकती है।

## पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान के खिलाफ जारी किया गैर जमानती वारंट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान के खिलाफ जारी इस्लामाबाद। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। आयोग ने इस्लामाबाद पुलिस को इमरान खान को गिरफ्तार कर 25 जुलाई को आयोग के समक्ष पेश करने के निर्देश दिये हैं। इमरान की इन परेशानियों के बीच उनके भतीजे व दो बहनों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी शुरू हो गयी है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान के खिलाफ चुनाव आयोग और मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ कथित तौर पर ''अमर्यादित'' भाषा का इस्तेमाल करने के लिए अवमानना कार्यवाही शुरू की थी।


ELECTION COMMISSION OF PAKISTAN
USE OF INTEMPERATE LANGUAGE AND CONTEMPTUOUS REMARKS AGAINST ELECTION COMMISSIONER OF PAKISTAN
NON BAILABLE WARRANT OF ARREST
The Inspector General of Police,
MOST IMMEDIATE
SSPAID

इमरान को आयोग के समक्ष तलब किया गया था, किन्तु वे नहीं पहुंचे। इस पर चुनाव आयोग ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। आयोग ने इस्लामाबाद पुलिस ने कहा है कि इमरान खान को गिरफ्तार कर 25 जुलाई को सुबह दस बजे पाकिस्तान चुनाव आयोग के समक्ष पेश किया जाए। एक ओर जहां इमरान खान कानूनी मामलों में उलझे हुए हैं वहीं अब उनके भतीजे और दो बहनों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी हो चुकी है। दरअसल, लाहौर की आतंकवाद रोधी अदालत ने इमरान खान की दो बहनों अलीमा खान और डॉ. उज्मा और उनके भतीजे हसन नियाजी और 19 अन्य पीटीआई नेताओं को अपराधी घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की है। ये कार्रवाई लाहौर कोर कमांडर हाउस पर हमले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए अदालत की सुनवाई से लगातार गायब रहने के बाद हो रही है।किया गैर जमानती वारंट

## नेपाल में सोना पर संग्राम, ओली ने गृहमंत्री श्रेष्ठ पर साधा निशाना

**काठमांडू।** नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में कस्टम के बाहर हांगकांग से तस्करी कर लाया गया 100 किलोग्राम सोना बरामद होने के बाद राजनीतिक संग्राम तेज हो गया है। मुख्य विपक्षी नेता और सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ पर निशाना साधा है। उन्होंने इस पूरे खेल में श्रेष्ठ पर शामिल होने का आरोप लगाया है। कंबोडिया की यात्रा के बाद सोमवार रात काठमांडू लौटे ओली ने कहा गृहमंत्री को बताना चाहिए कि वह इसमें शामिल हैं या नहीं ?' इससे पहले 21 जुलाई को श्रेष्ठ ने ओली की ओर इशारा करते हुए कहा था कि भ्रष्टाचार और तस्करी का जाल उच्च राजनीतिक स्तर तक फैल गया है। उल्लेखनीय है कि हांगकांग से तस्करी कर लाया गया यह सोना 19 जुलाई को पकड़ा गया था। इस सिलसिले में कुछ प्रमुख यूएमएल नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है।



## ब्रिक्स के मित्र देशों से बोले डोभाल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बढ़ेगी साइबर जोखिमों की गंभीरता

**जोहान्सबर्ग।** ब्रिक्स के मित्र देशों के साथ हुई बैठक में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से साइबर जोखिमों की गंभीरता बढ़ेगी। उन्होंने साइबर सुरक्षा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स देशों यानी ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ ब्रिक्स के मित्र देशों बेलारूस, बुरुंडी, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, मिस्र, कजाकिस्तान और क्यूबा के साथ हुई बैठक में साइबर सुरक्षा के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने बैठक में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी विघटनकारी तकनीकों के आगमन से साइबर जोखिमों की गंभीरता तेजी से बढ़ेगी। उन्होंने साइबर अपराधियों और आतंकवादियों के बीच के संबंधों पर भी प्रकाश डाला,



जिसमें वित्तपोषण, मनी लॉन्ड्रिंग, कट्टरपंथीकरण, लोन वुल्फ अटैक, भर्ती और सुरक्षित संचार के लिए साइबर स्पेस का उपयोग शामिल है। उन्होंने कहा कि युवा आबादी विशेष रूप से सोशल मीडिया साइटों के उपयोग के माध्यम से चरमपंथी विचारधाराओं के प्रसार के प्रति संवेदनशील है, क्योंकि वे लोग तकनीकी प्रेमी हैं और प्रभावशाली दिमाग रखते हैं।

## कुरान का अपमानः इस्लामिक सहयोग संगठन ने स्वीडन से छीना विशेष दूत का दर्जा

**जेद्दाह।** मुस्लिम देशों के समूह ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कंट्रीज (ओआईसी) यानी इस्लामिक सहयोग संगठन ने स्वीडन से विशेष दूत का दर्जा छीन लिया है। स्वीडन में कुरान के अपमान को लेकर यह फैसला करते हुए ओआईसी ने कुरान के अपमान को बर्दाश्त के बाहर बताया। ओआईसी की बैठक में स्वीडन से विशेष दूत का दर्जा छीनने की सिफारिश की गयी थी। ओआईसी महासचिव हिसैन इब्राहिम ताहा से सिफारिश की गई थी कि वह सामान्य सचिवालय को किसी भी देश से जोड़ने वाले आधिकारिक दर्जे की समीक्षा करें। उनसे कहा गया था कि जिस देश में पवित्र कुरान या अन्य इस्लामी मूल्यों व प्रतीकों की प्रतियों का अपमान होता है, उसके विशेष दूत का दर्जा निलंबित करने पर विचार करना चाहिए। महासचिव ने स्वीडन के विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम को लिखी एक चिट्ठी में इस फैसले की जानकारी दे दी है। महासचिव ने इस्लाम की पवित्रता पर हो रहे हमलों के विरोध में कुछ सदस्य देशों की तरफ से उठाए गए कदमों का भी स्वागत किया। बार दुरुपयोग की मंजूरी देने वाले स्वीडिश अधिकारियों की भी निंदा की है।महासचिव ताहा ने ओआईसी देशों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने ऐसे अपमानजनक कृत्यों को न होने

ताहा ने सभी सदस्य देशों से पवित्र कुरान और इस्लामी प्रतीकों की पवित्रता का सम्मान करने के लिए कहा है। साथ ही इनके बार-देने की अपील की है। उनका मानना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विशेष कर्तव्य और जिम्मेदारियां शामिल हैं।

## इमरान खान को राहत, वकील की हत्या से जुड़े मामले में गिरफ्तारी पर नौ अगस्त तक रोक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिली है। क्वेटा के एक वकील की हत्या से जुड़े मामले में उनकी गिरफ्तारी पर नौ अगस्त तक रोक लगा दी गयी है।पाकिस्तान बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी में छह जून को अज्ञात लोगों ने वरिष्ठ वकील अब्दुल रज्जाक शार की उस समय हत्या कर दी थी, जब वह बलूचिस्तान उच्च न्यायालय में एक महत्वपूर्ण सुनवाई के लिए अदालत जा रहे थे। एक दिन बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज किया और वकील के बेटे की शिकायत पर दर्ज एफआईआर में इमरान खान का भी नाम शामिल किया। वकील अब्दुल रज्जाक शर ने बलूचिस्तान उच्च न्यायालय में इमरान खान के खिलाफ एक संवैधानिक याचिका दायर की थी।



इस याचिका में पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ अनुच्छेद 6 के तहत कार्यवाही की मांग की गई थी। यह अनुच्छेद राजद्रोह से संबंधित है। संघीय सरकार और पीटीआई ने इस घटना के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराया था, दोनों पक्षों ने हत्या में एक-दूसरे की भूमिका होने का आरोप लगाया था। आरोप लगाया गया था कि देशद्रोह के मामले में कथित तौर पर जवाबदेही से बचने के लिए खान के इशारे पर शर की हत्या की गई।

इमरान की पार्टी पीटीआई के प्रवक्ता रऊफ हसन ने हत्या के पीछे प्रधानमंत्री और गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह का हाथ होने का आरोप लगाया है। आतंकवाद रोधी अदालतने बाद में मामले में खान की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था, जिसे बाद में बलूचिस्तान उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था। इमरान खान ने हत्या के मामले में आरोपी के तौर पर नामजद किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

## पश्चिमी अफ्रीकी देश सेनेगल में नौका डूबने से कम से कम 17 लोगों की मौत

**डैकरः** पश्चिमी अफ्रीकी देश सेनेगल की राजधानी में एक नौका पलटने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डैकर के औकम क्षेत्र की मेयर एनदेये टॉप गुये के मुताबिक, नौसेना ने सोमवार तड़के लोगों के शव बरामद किए। वॉकिंग बॉर्डर्स नामक स्पेन के एक सहायता समूह के मुताबिक, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है कि नौका पर सवार लोगों की राष्ट्रीयता



क्या थी और वे कहां जा रहे थे। अटलांटिक प्रवासन मार्ग दुनिया के सबसे घातक मार्गों में से एक है, जिसमें 2023 की पहली छमाही में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई, या लापता हुए हैं।

## स्पाइसजेट को मिली बड़ी राहत, डीजीसीए ने बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था हटाई

**नई दिल्ली।** सस्ती विमानन सेवा मुहैया कराने वाली एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट को बड़ी राहत मिली है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने स्पाइसजेट की बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था हटा दी है। दरअसल, प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रही स्पाइसजेट को हाल ही में बढ़ी हुई निगरानी में रखा गया था।




आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि डीजीसीए ने स्पाइसजेट की बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था को हटा दिया है। डीजीसीए ने स्पाइस बोइंग 737 और क्यू-400 बेड़े में 11 स्थानों पर 51 स्पॉट चेक करने के बाद यह फैसला लिया है। इस दौरान कुल 23 विमानों का निरीक्षण किया गया और डीजीसीए की टीमों ने 95 बार अवलोकन किए।
एयरलाइन कंपनी ने डीजीसीए के दिशा-निर्देशों के मुताबिक उचित कार्यवाही की, जिसके बाद स्पाइसजेट को डीजीसीए की बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था से हटा दिया गया है। गौरतलब है कि विमान नियामक डीजीसीए ने अपर्याप्त रखरखाव और पिछले साल मानसून के दौरान हुई घटनाओं के मद्देनजर स्पाइसजेट को अपनी बढ़ी हुई निगरानी में रखा था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## तालिबान ने यूरोपीय संघ के अपने नेताओं पर लगाए नए प्रतिबंधों पर जताया कड़ा एतराज

**काबुल।** तालिबान के कार्यवाहक न्याय मंत्री अब्दुल हकीम शरई ने यूरोपीय संघ ( श्व ) द्वारा उसके कुछ नेताओं पर नए प्रतिबंध लगाए जाने की निंदा की है और कहा है कि जल्द ही वह समय आएगा जब संगठन उन पर प्रतिबंध लगाएगा। उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित एक धार्मिक-वैज्ञानिक सम्मेलन में बोलते हुए तालिबान अधिकारी ने कहा, अगर हम एकजुट होते हैं और इस प्रणाली का समर्थन करते हैं, तो मैं आपको आश्वासन देता हूं कि आज वे इस्लामिक अमीरात के अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाते हैं लेकिन समय आएगा जब हम उन पर प्रतिबंध लगाएंगे।'

रिपोर्ट के अनुसार यूरोपीय संघ द्वारा तीन तालिबान अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए जाने के ठीक दो दिन बाद वास्तविक अधिकारियों का विरोध सामने आया ।एक बयान के अनुसार यूरोपीय संघ ने कहा है कि तालिबान अधिकारियों पर मानवाधिकारों का उल्लंघन करने, खासकर लड़कियों को स्कूल जाने से रोकने के लिए बैन लगाया गया है। खबर के अनुसार, एक राजनीतिक विशेषज्ञ, अहमद खान अंडार ने कहा, यह स्पष्ट है कि अगर अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात के अधिकारी बैठकों के लिए विदेशी देशों की यात्रा नहीं करते हैं, तो राजनीतिक बातचीत के लिए इस्लामी अमीरात और



अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच दूरी बढ़ जाएगी।'

कश्मीर वर्ल्ड फिल्म फेस्टिवल 5वें संस्करण के लिए तैयार, व्यवस्थाओं को लेकर स्त्र मनोज सिन्हा से... मस्कट जाने वाली ओमान एयर फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी...वापस कोझिकोड एयरपोर्ट पर लौटी

मस्कट जाने वाली ओमान एयर फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी...वापस कोझिकोड एयरपोर्ट पर लौटी यूरोपीय संघ ने इस सप्ताह गुरुवार को अफगानिस्तान , रूस, यूक्रेन, दक्षिण सूडान और मध्य अफ्रीकी गणराज्य में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन और दुर्व्यवहार के लिए 18 लोगों और पांच संगठनों पर प्रतिबंध लगाए। प्रतिबंधित अधिकारियों में तालिबान के मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट अब्दुल हकीम हक्कानी, न्याय मंत्री अब्दुल हामी शेरी और कार्यवाहक शिक्षा मंत्री हबीबुल्लाह आगा भी शामिल हैं। खबर ने बताया कि समय के साथ अफगानिस्तान लोगों की स्थिति दयनीय हो गई है। यहां लोगों को भोजन की कमी का सामना करना पड़ रहा है, और रहने के लिए बुनियादी सुविधाएं सभी के लिए दूर की कौड़ी बन गई हैं। इसके अलावा देश में महिलाओं की स्थिति और भी खराब हो गई है। देश में महिलाओं को नेतृत्व पदों पर जाने से प्रतिबंधित किया गया है, और उन्हें काम करने के साथ-साथ यात्रा करने की भी अनुमति नहीं है, जब तक कि उनके साथ कोई पुरुष साथी न हो। ये स्कूल कब फिर से खुलेंगे या प्रतिबंध अनिश्चितकालीन है, इस पर अभी भी कोई बयान नहीं है।

## चीनी नेता चुआन ने नेपाली स्पीकर घिमिरे से की मुलाकात

**काठमांडु।** नेपाल दौरे पर आए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी पोलित ब्यूरो सदस्य चुआन ची चुन के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने स्पीकर देवराज घिमिरे के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि वह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का महत्वपूर्ण संदेश लेकर आये हैं। स्पीकर घिमिरे ने बताया कि बैठक में नेपाल और चीन के रिश्तों को के उस स्कूल में चीनी भाषा पढ़ाई जाती है। चुआन ने नेपाल को अनाज में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 14 करोड़ नेपाली रुपये की मदद का ऐलान किया। इससे पहले चुआन ने रविवार शाम को नेपाल के कार्यवाहक प्रधान मंत्री एवं रक्षा मंत्री पूर्ण बहादुर खड़का के साथ बैठक की। रविवार को ही चीनी प्रतिनिधिमंडल ने सीपीएन माओवादी सेंटर टीम



लेकर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि आर्थिक, व्यापारिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक आदान-प्रदान समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। घिमिरे ने चुआन के साथ संयुक्त रूप से काठमांडू के एक निजी स्कूल में नेपाल-चीन मैत्रीपूर्ण कक्षा का उद्घाटन किया। एलआरआई नाम के साथ डिनर मीटिंग की थी। बैठक में माओवादी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायणकाजी श्रेष्ठ, उपाध्यक्ष अग्नि सपकोटा, महासचिव देव गुरुंग शामिल हुए थे।